तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार, 17 सितंबर, 2025



14 औद्योगिक नगरी में रहेगी आज विश्वकर्मा पूजा की धूम



# खाली प्लॉट में गंदगी, लीज होगी निरस्त, जुर्माना भी देंगे भूस्वामी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई शहर को सुंदर व स्वच्छ बनाने की दिशा में भिलाई निगम ने एक और बड़ा निर्णय लिया है। निगम ने खाली प्लाट पर गंदगी पाए जाने पर प्लाट मालिक के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्णय लिया है। निगम क्षेत्र में हजारों प्लाट ऐसे हैं जो खाली पड़े हैं। इन खाली प्लाट पर बाउंड्रीवाल नहीं होने की वजह से आसपास के लोग वहीं कचरा डंप कर दे रहे हैं। जिसकी वजह से लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। इसलिए खाली प्लाट को या तो प्लाट मालिक बाउंड्रीवाल बना ले या फिर अपना मकान निर्माण कर लें। व्यवसायिक दुकानों के खाली प्लाट भी दायरे में आएंगे।

## कचरा फेंक देने की वजह से लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा विपरीत असर

### लीज एग्रीमेंट का पालन नहीं

निगम का कहना है कि आबंटित प्लाट को निर्धारित समयावधि में नियमानुसार निगम से अनुमति प्राप्त कर निर्माण किया जाना है। निर्धारित समयानुसार निर्माण नहीं किये जाने की स्थिति में प्लाट मालिक के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही किए जाने का प्रावधान लीज एग्रीमेंट में उल्लेखित है। सैकड़ों लोग हैं जिन्होने अनुमति ले ली है लेकिन मकान या दुकान का निर्माण ही नहीं किया है।इस तरह खाली प्लाट मालिकों द्वारा नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में संबंधित विभाग द्वारा लीज निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी।



### इस प्रावधान के तहत कार्रवाई

जिन लोगों या व्यवसायिक प्रतिष्ठान के खाली प्लाट में कचरा का ढेर पाया जाएगा उन पर अर्थदंड लगाया जाएगा। व्यवस्था नहीं किये जाने की दशा में संबंधित खाली प्लाट मालिक के विरूद्ध छत्तीसगढ़ अधिनियम 1956 में उल्लेखित प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी। भिलाई शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाये रखने हेतु आवासीय एवं व्यवसायिक क्षेत्र में स्थित खाली प्लाट पर भवन निर्माण अथवा बाउंड्रीवाल कर सुरक्षित एवं साथ-सुथरा रखें।

### लोगों का सहयोग जरूरी

खाली प्लाटो में लोग कचरा डाल दे रहे हैं। भूस्वामियों ने इस प्लाट पर न तो निर्माण करवाया है और न ही बाउंड्रीवाल बनाकर सुरक्षित किया है। जिसकी वजह से ये गंदगी के स्पॉट बन रहे हैं। भूस्वामी अपनी जगह सुरक्षित कर लें अन्यथा अधिनियम के प्रावधानों के हिसाब से कार्रवाई की जाएगी। शहर को सुंदर व स्वच्छ बनाने की दिशा में लोग हमें सहयोग करें।

- राजीव कुमार पांडेय,
आयुक्त भिलाई निगम

## खबर संक्षेप

### कोतवाली थाने में पैरालीगल वालेंटियर नियुक्त

**दुर्ग।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने महिला सशक्तिकरण की भावना को प्राथमिकता देते हुए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इसके अंतर्गत महिला पैरालीगल वालेंटियर को सिटी कोतवाली दुर्ग में विशेष रूप से नियुक्त किया गया है, ताकि महिला संबंधी प्रकरणों में पीड़िताओं को समय पर विधिक सहायता, परामर्श एवं सहयोग उपलब्ध कराया जा सके। महिला पैरालीगल वालेंटियर की नियुक्ति का प्रमुख उद्देश्य महिलाओं को उनके विधिक अधिकारों की जानकारी प्रदान करना, घरेलू हिंसा, उत्पीड़न, दहेज प्रताड़ना, साइबर अपराध एवं अन्य महिला संबंधी प्रकरणों में उन्हें सशक्त बनाना है। थाने में आने वाली महिलाओं को कानूनी जानकारी सहज रूप से उपलब्ध हो सके। उनकी समस्याओं को संवेदनशील दृष्टिकोण से सुना जा सके तथा मध्यस्थता, परामर्श एवं विधिक सहायता की प्रक्रिया में उन्हें सहयोग प्राप्त हो। महिला पैरालीगल वालेंटियर सिटी कोतवाली में उपस्थित रहकर पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को सुनेंगी। उन्हें आवश्यकतानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से जोड़ेंगी तथा उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करेंगी।

### गुप्ती व चाकू सप्लाई करने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** दुर्ग जिले में गुंडे बदमाश किस्म के लोगों को चाकू और गुप्ती जैसे घातक हथियारों की सप्लाई करने वाले आरोपी को पुलिस गिरफ्तार किया है। आरोपी राजस्थान के पुष्कर से तेज धार और डिजाइनर तरीके वाले चाकू और गुप्ती खरीदता था। इसके बाद उसे दुर्ग भिलाई में नशे के आदी गुंडे बदमाशों को बेचता था। उतई पुलिस ने बताया कि उन्होंने आरोपी मोहम्मद सरफराज पिता मोहम्मद हुसैन (25 वर्ष) को ग्राम नमर्दा गंडई छुईखदान जिला खैरागढ़ स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया है। आरोपी वहां बाबा डीजे नाम से दुकान चलाता है। उतई पुलिस ने कुछ दिन पहले 11 सितंबर को ग्राम उमरपोटी में एक बदमाश राजा उर्फ राहुल पवार से तीन चाकू, एक स्टिक व एक गुप्ती जब्त कर आर्म्स एक्ट की कार्रवाई की थी। इस मामले में राजा जब पूछताछ की गई तो उसने बताया कि वो मोहम्मद सरफराज निवासी गंडई से ये सामान खरीदता है। उसने बताया कि सरफराज उसका दोस्त है और वो अजमेर राजस्थान से इन हथियारों को लाता था और फिर यहां उसको व अन्य गुंडे बदमाशों को बेचता था। मोहम्मद सरफराज ने भी पुछताछ करने पर चाकू सप्लाई करना स्वीकार किया। सरफराज ने बताया कि वर्ष 2024 अक्टूबर महीने में अजमेर शरीफ दरगाह गया था। वहां दर्शन करने के बाद पुष्कर ब्रम्हा मंदिर लाईन दुकान से दो गुप्ती खरीदा था। एक गुप्ती को अपने दोस्त समीर नागपुर निवासी को दे दिया व एक गुप्ती ग्राम नमर्दा के प्रमोद पटेल को दिया था। जिसके खिलाफ गंडई पुलिस ने मार्च महीने में आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही किया था।

### 20 साल पहले कैंसर हॉस्पिटल के रूप में हुई थी शुरुआत, आज मात्र सर्दी-बुखार के मरीजों का ही इलाज

# टाउनशिप के दूसरे सबसे बड़े हॉस्पिटल को ही इलाज की जरुरत, नर्स, फार्मासिस्ट और वार्ड ब्वाय के पद खाली

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

बीएसपी मे मेन पावर क्राइसेस का खामियाजा वर्कर्स ही नहीं बल्कि मरीजों को भी भुगतना पड़ रहा है। टाउनशिप के दूसरे सबसे बड़े अस्पताल सेक्टर एक हॉस्पिटल में मेडिकल स्टाफ की समस्या बढ़ती जा रही है। पहले से पैरामेडिकल कर्मचारियों की किल्लत से गुजर रहे अस्पताल में सेवानिवृत्ति के बाद रिक्त स्टाफ की नियुक्ति अब तक नहीं की गई है। यूनियनों ने जल्द समस्या के निदान की मांग की है। सेक्टर एक बीएसपी अस्पताल टाउनशिप का सबसे पुराना अस्पताल है। सेक्टर 9 हॉस्पिटल के बाद यह सबसे बड़ा है। इसे बीस साल पूर्व कैंसर अस्पताल के रूप में भी विकसित किया गया था। इसके बाद सेक्टर नौ मेन हास्पिटल का लोड कम करने के लिए इस अस्पताल में प्रबंधन द्वारा सुविधाएं बढ़ाने का आश्वासन यूनियनों को दिया गया था। लेकिन सुविधाओं में वृद्धि तो दूर पहले से खाली पैरामेडिकल पदों व विभिन्न विभागों से रिटायर हुए कर्मियों के रिक्त पदों पर भी अब तक नियुक्ति नहीं की गई है। इससे यहां चेकअप या अन्य बीमारियों की शिकायत के लिए आने वाले बीएसपी कर्मियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यूनियनों ने बताया कि तीन नर्स, 1 फार्मासिस्ट, वार्ड ब्वाय के पद खाली हैं। फुलफ्लेश डाक्टरों की भी कमी है। तीन नियमित चिकित्सक के अलावा यहां आउटसोर्स पर चार डॉक्टर पर सेवाएं दे रहे हैं। किसी डाक्टर के छुट्टी पर होने से मरीजों को असुविधा होती है।




### सेक्टर नौ हॉस्पिटल में बढ़ रहा लोड

सेक्टर एक अस्पताल में व्याप्त समस्याओं के चलते लोगों को सेक्टर नौ हास्पिटल जाने मजबूर होना पड़ रहा है। इससे एक ओर मरीजों को परेशानी हो रही है वहीं दूसरी तरफ सेक्टर नौ हास्पिटल में लोड बढ़ रहा है। खासकर महिलाओं, सेवानिवृत्ति कर्मियों व विद्यार्थियों को सेक्टर एक लगे हुए सेक्टरों से दूर सेक्टर नौ मेन हास्पिटल जाने में अधिक टाइम लगता है। बीपी हार्ट आदि उम्रदराज सेवानिवृतों को दोपहिया चलाने में दिक्कत के कारण आटो में जाने में परेशानी होती है।

### नर्सिंग स्टाफ की कमी से डॉक्टरों को असुविधा

अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ की कमी से डाक्टरों को भी असुविधा हो रही है। ओपीडी में तीन डॉक्टरो के चेंबर में आने वाले मरीजों को मेडिकल बुक जमा करने या मरीज को बेड पर लिटाने चेकअप आदि काम खुद डाक्टर को करना पड़ रहा है। इसी तरह विशेषज्ञ डाक्टरों की संख्या बढ़ाने यूनियनें लंबे समय से मांग कर रही हैं लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। इसके चलते चेकअप कराने आने वाले कर्मियों को परेशानी हो रही है। इस अस्पताल को बीस साल पूर्व कैंसर अस्पताल के रुप में भी विकसित किया गया था लेकिन विशेषज्ञ डाक्टर केकरे के तबादला व रिटायर होने के बाद यहां मरीजों को सिर्फ सिंकाई के लिए भर्ती किया जाता है। अन्य सुविधाएं बंद कर दी गई हैं।



# दुर्ग आईजी की टीम ने 24 घंटे में की 250 ठिकानों पर रेड, 200 से अधिक आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

दुर्ग रेंज के आईजी रामगोपाल गर्ग के निर्देशन में उनकी टीम लगातार "एक युद्ध नशे के विरुद्ध" अभियान चला रही है।इस कड़ी में अलग अलग टीमों ने 24 घंटे के अंदर रेंज में 250 अलग अलग ठिकानों पर छापामारी करके 200 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है। दुर्ग पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग ने बताया कि उनके द्वारा लगातार "एक युद्ध नशे के विरुद्ध" अभियान चलाया जा रहा है।इसी कड़ी में उन्होंने पूरे रेंज में एक साथ 15 सितंबर की दोपहर से एक जंबो अभियान चलाया। इस अभियान को सफल बनाने के लिए 80 से अधिक टीमें बनाई गई, जिसमें 500 से अधिक पुलिस अधिकारी और जवानो को शामिल किया गया। इन टीमों ने ताबड़तोड़ कार्रवाई कर अलग-अलग 250 ठिकानों में छापामारी की और गांजा, शराब व अन्य नशीले पदार्थ के साथ 200 से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्य उनकी टीम ने 24 घंटे के अंदर कर दिखाया है। इस अभियान के जरिए छोटे ड्रग पैडलर्स के नेटवर्क को खत्म किया गया, जो गली-मोहल्लों और छोटी दुकानों के माध्यम से नशे का व्यापार करते थे। टीम ने 26 किलो गांजा सहित अन्य नशीले पदार्थ जप्त किया है।



आईजी की गठित टीमों ने जो कार्रवाई की वो दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल, बेमेतरा एसएसपी रामकृष्ण साहू, बालोद एसपी योगेश पटेल के मार्गदर्शन में की।

### किस जिले में कितनी कार्रवाई

बालोद जिले में पुलिस ने लगभग 50 स्थानों पर दबिश देकर 31आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनसमें 4 आरोपी एनडीपीएस एक्ट, 4 आबकारी एक्ट और 23 को प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया गया। इसी तरह बेमेतरा जिले में 60 स्थानों में दबिश देकर 39 लोगों को गिरफ्तार किया। दुर्ग जिले में 160 स्थानों पर दबिश देकर 120 लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें एनडीपीएस के 16 प्रकरण, आबकारी के 23 प्रकरण और प्रतिबंधात्मक कार्यवाही वाले 89 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। अभियान के दौरान लगभग 26 किलो गांजा और 126 लीटर शराब सहित नशे की भारी मात्रा में टैबलेट जप्त की गई हैं।

# वैशालीनगर में संचालित हो रहा अवैध क्रिकेट कोर्ट, आयुक्त ने दिए कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक-2 वैशाली नगर अंतर्गत निर्माणाधीन डोम शेड, दशहरा ग्राउंड क्रिकेट कोर्ट, अशोक वाटिका सहित शासकीय स्कूल का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। इस दौरान दशहरा ग्राउंड क्रिकेट कोर्ट का निर्माण निगम के बिना अनुमति के होना मिला। आयुक्त ने कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। निगम आयुक्त द्वारा कालीबाड़ी मंदिर परिसर में निर्माणाधीन डोम शेड का निरीक्षण कर कार्य समय सीमा एवं गुणवत्ता युक्त कराने उप अभियंता अर्पित बंजारे को निर्देशित किए हैं। वैशाली नगर में दशहरा ग्राउण्ड (कोर्ट) का अवलोकन किए, क्रिकेट कोच द्वारा निगम से बिना अनुमति क्रिकेट कोर्ट का निर्माण किया गया है, निगम से बिना स्वीकृति निर्माण हेतु जोन आयुक्त ऐशा लहरे को कार्रवाई हेतु निर्देशित किए हैं।



महादेव कालोनी में अशोक वाटिका उद्यान का अवलोकन कर उद्यान के अंदर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम निर्माण करने हेतु निर्देशित किए है। आयुक्त ने हाउसिंग बोर्ड स्थित हायर सेकण्ड्री स्कूल का निरीक्षण कर आवश्यकतानुसार कमरा निर्माण के प्रस्ताव हेतु उप अभियंता को निर्देशित किये हैं। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त येशा लहरे, कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे उपस्थित रहे।

# होटल ईशा में देह व्यापार कराने के मामले का फरार आरोपी गिरफ्तार

## दो की पहले हो चुकी है गिरफ्तारी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

- सौदा के लिए उपयोग में लाया गया मोबाइल फोन जप्त

गदा चौक के पास स्थित होटल ईशा में देह व्यापार कराने के मामले में दो आरोपियों की गिरफ्तार के बाद पुलिस ने तीसरे व फरार आरोपी निखिल मेश्राम उर्फ निक्कु उर्फ अमित को गिरफ्तार किया है।

निखिल पिता सुरेंद्र मेश्राम (26 वर्ष) कोसा नगर मराठी मोहल्ला सुपेला का रहने वाला है। आरोपी से देह व्यापार के सौदा में उपयोग में लाया गया मोबाइल फोन जप्त किया गया है। निखिल देह व्यापार के लिए बाहर से लड़कियों को बुलाता था और उसके बाद वाट्सएप के जरिए से उनका फोटो लोगों को भेजकर उनका सौदा करता था। वैशाली नगर पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि फरार आरोपी निखिल मेश्राम ईशा होटल का मालिक है।उसकी तलाश पुलिस को थी। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली की वो घर के आसपास देखा गया है। पुलिस की टीम तुरंत वहां पहुंची और घेराबंदी करके उसने गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। आरोपी को 15 सितंबर को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया है।

हरिभूमि
## पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

### अनुज्ञप्ति लाइसेंस वाले अधिकृत एजेंसी ही निर्धारित जगह पर लगा सकते हैं होर्डिंग्स-बैनर व पोस्टर

# ट्यूबलर व बिजली पोल पर होर्डिंग्स लगाना बैन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई निगम ने जनप्रतिनिधियों के जन्मदिन, बधाई या विशेष अवसर पर होर्डिंग्स, बैनर व पोस्टर लगाना प्रतिबंधित कर दिया है। उसके बाद अब ट्यूबलर व बिजली पोल पर भी जो लोग बिना अनुमति के होर्डिंग्स व फ्लैक्स लगाते हैं उन्हे भी बैन कर दिया है। फैलक्स बनाने वालों को भिलाई निगम ने एक सूचित किया है कि कि शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के उद्देश्य से शहर के ट्यूबलर पोल एवं विद्युत पोल में निगम के बिना अनुमति के फ्लैक्स/विज्ञापन बोर्ड नहीं लगाने का निर्णय लिया गया है। फ्लैक्स निर्माता एजेंसी को निर्देशित किया गया है कि नगर निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत किसी भी ट्यूबलर पोल, विद्युत पोल एवं अवैध होर्डिंग्स में विज्ञापन बोर्ड या किसी भी प्रकार का बैनर आदि लगाये जाने पर सीधे एजेंसी के विरूद्व कार्यवाही की जाएगी। अर्थदण्ड से दंडित करते हुए निगम से जारी अनुज्ञप्ति निरस्त कर दी जावेगी। सिर्फ शासकीय योजनाओं के होर्डिंग्स, फ्लैक्स लगाने के लिए संबंधित विभाग द्वारा आदेशित किया जाएगा।



### इन स्थानों पर से हटेंगे होर्डिंग्स बैनर

भिलाई निगम क्षेत्र के अंतर्गत गौरव पथ, सुपेला घड़ी चौक से गदा चौक, कुम्हारी से लेकर नेहरू नगर गुरूद्वारा चौक, मोर्या चंद्रा टाकिज से श्रीराम मार्केट होते हुए गदा चौक, गदा चौक से अंवती बाई चैंक, अवंती बाई चौक से इंदु आईटीआई होते हुए कुरूद चौक, ओम शांति ओम चौक से कैलाश नगर कुरूद, कोहका, रामनगर, कैंप, खुर्सीपार, हाउसिंग बोर्ड,स्मृतिनगर, जुनवारी, माडल टाउन, नेहरूनगर, आदि सभी जगहो से बैनर, पोस्टर, होर्डिंग, विज्ञापन नहीं लगाए जा सकेंगे।

### सट्टा के अड्डे पर पुलिस की रेड, सटोरिया गिरफ्तार

**भिलाई।** पुरानी भिलाई थाना पुलिस ने सोमवार को सट्टा खिलाए जाने वाले अड्डे पर अचानक रेड मारी। पुलिस ने वहां से एक सटोरिया को रंगे हाथ सट्टा खिलाते गिरफ्तार किया है। उसके पास से 1,220 रुपये नगद रकम जब्त की गई है। पुरानी भिलाई पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 15 सितंबर को सउनि लखन लाल साहू अपने हमराह स्टाफ आरक्षक बंटी, और संजय मनहर के साथ गस्त पर थे। भ्रमण दौरान मुखबिर से सूचना मिली की बाजार चौक उरला में एक व्यक्ति सट्टा पट्टी लिख कर हार जीत का दांव लगवा रहा है। उन्होंने तुरंत मौके पर रेड कार्रवाई की। मौके पर एक व्यक्ति अंको के सामने हार जीत का दांव लगाकर सट्टा पट्टी लिख कर जुआ खेलवाते गिरफ्तार किया गया।



बीएसपी और उद्योगों में लोग मंगलवार को दिनभर उत्साह से तैयारी में जुटे रहे

# औद्योगिक नगरी में रहेगी आज विश्वकर्मा पूजा की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

औद्योगिक नगरी भिलाई में सृजन के देव श्री विश्वकर्मा पूजा का त्योहार बुधवार को पारंपरिक रुप से हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसके लिए भिलाई इस्पात संयंत्र और औद्योगिक क्षेत्र में इसके लिए जोरशोर से तैयारी की गई है। बीएसपी में सुरक्षा की दृष्टि से बाहर के लोगों के लिए प्रवेश निषेध रखे जाने से पंडित की समस्या से कर्मियों को खुद ही पूजा करनी पड़ सकती है।

शहर में आज विश्वकर्मा जयंती की धूम रहेगी। इसकी तैयारी में लोग आज उत्साह से दिनभर जुटे रहे। खासकर भिलाई इस्पात संयंत्र और औद्योगिक क्षेत्र त्योहार की तैयारी चलती रही। बीएसपी की चालीस से अधिक मिलों, शाप्स और गैराज आदि विभागों व अनुभागों में कर्मचारी अधिकारी व्यवस्था में लगे रहे। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापित की जाएगी और पूजापाठ के साथ भजन आदि धार्मिक कार्यक्रम भी होंगे। बीएसपी प्रबंधन द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से बाहर के लोगों के लिए प्रवेश निषेध कर दिया गया है और कर्मियों को पंडितों की व्यवस्था खुद करने कहा गया है। इसके चलते कर्मी अपने बीच से ही पंडित तलाशते रहे। विभिन्न मिलों व शाप्स, वर्क्सशाप आदि में पंडाल, तोरण, कर्मियों के लिए मिठाई के डिब्बे आदि की व्यवस्था में लगे रहे।



## औद्योगिक क्षेत्र व ट्रांसपोर्टनगर में तैयारी

विश्वकर्मा पूजा के आयोजन के लिए औद्योगिक क्षेत्र के सभी उद्योगों और ट्रांसपोर्टनगर हथखोज में कर्मचारी, मजदूर और उद्यमी सभी उत्साहित दिखे। बीके, सिम्पलेक्स और बीईसी सहित हैवी इंडस्ट्री और लघु व सहायक उद्योगों में भगवान विश्वकर्मा की मूर्तियां लोग ट्रकों में बाजेगाजे के साथ लाते रहे। पूजा स्थल पर पंडाल, झालर आदि सजावट में जुटे रहे। ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज में भी टांसपोर्टर व मेकेनिक आदि गैराजों व आफिससों के साथ ट्रकों हाइवा आदि वाहनों के सजाते रहे। कल पूजा पर औद्योगिक क्षेत्र में फेस्टिव माहौल रहेगा।

## विश्वकर्मा पूजा पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान

**भिलाई।** 17 सितंबर विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर श्री गणेश मंदिर (दशहरा मैदान के सामने ) आमदी हुडको में सेवानिवृत बीएसी कर्मचारियों का सम्मान कार्यक्रम शाम 5 बजे आयोजित किया गया है। आयोजक राहुल भोंसले ने कार्यक्रम में हुडको क्षेत्र के लोगों को शामिल होने की अपील की है।

## आवास दिवस कार्यक्रम आज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के व्यापक जन-जागरूकता के उद्देश्य से 4 सितम्बर से 31 अक्टूबर 2025 तक ''अंगीकार 2025'' अभियान की शुरू किया गया है। अभियान के तहत 17 सितम्बर को आवास दिवस के रूप में मनाया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा पूर्ण आवासो के हितग्राहियों का वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से ''गृह प्रवेश'' कार्यक्रम डॉ भीमराव अम्बेडकर मांगलिक भवन, बैकुण्ठधाम, संतोषी नगर वार्ड 33 में प्रातः 9 बजे से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में शासन की अन्य योजनाओं का भी शिविर का आयोजन किया गया है।

## नवमी की छात्राओं को मिली साइकिल



**भिलाई।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैम्प-1 में नवमी कक्षा की 30 छात्राओं को मुख्यमंत्री सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत साइकिलें वितरित की गईं। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने छात्राओं को साइकिल की चाबियां सौंपीं और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि साइकिल से बच्चियों का समय बचेगा और वे पढ़ाई में और बेहतर प्रदर्शन करेंगी। प्रभारी प्राचार्य हेमंत उपाध्याय ने स्कूल की प्रगति व समस्याओं की जानकारी दी और निर्माण प्रयोगशाला के लिए अतिरिक्त भवन की मांग रखी। सांसद बघेल ने आश्वासन दिया कि वे घोषणाओं में नहीं, कार्य में विश्वास रखते हैं, और स्कूल में जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में पार्षद सत्या देवी जयसवाल, भाजपा नेता प्रभुनाथ मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राम उपकार तिवारी, प्रकाश सांवत भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमित मिश्रा, जालंधर सिंह, कैंप मंडल अध्यक्ष तरुण सिंह, रमेश चौधरी, धर्मेंद्र पाण्डेय, नवीन सिंह भागचंद जैन सहित अन्य मौजूद थे।



# भगवान विश्वकर्मा जयंती

## सृजन, श्रम और कौशल का पर्व

**भारत की सांस्कृतिक धारा में ऐसे अनेक पर्व और उत्सव मनाए जाते हैं जो न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक हैं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं। इनमें से एक है भगवान विश्वकर्मा जयंती, जिसे श्रम और सृजन का उत्सव कहा जाता है। यह पर्व हर साल भाद्रपद मास की कन्या संक्रांति को मनाया जाता है। इस दिन पूरे देश में विशेष रूप से मजदूर, कारीगर, शिल्पकार, अभियंता, तकनीशियन और उद्योग से जुड़े लोग बड़े उत्साह से भगवान विश्वकर्मा की पूजा–अर्चना करते हैं।**

### भगवान विश्वकर्मा का स्वरूप और योगदान

पुराणों के अनुसार, भगवान विश्वकर्मा ब्रह्मांड के प्रथम शिल्पी और दिव्य वास्तुकार माने जाते हैं। ऋग्वेद में उनका उल्लेख विश्व के निर्माणकर्ता के रूप में मिलता है। महाभारत और रामायण में भी उनके अद्भुत कौशल का वर्णन है।

त्रिदेवों के दिव्य अस्त्र-शस्त्र (श्रीविष्णु का सुदर्शन चक्र, भगवान शिव का त्रिशूल और इंद्र का वज्र) विश्वकर्मा की कारीगरी का ही परिणाम माने जाते हैं। उन्होंने स्वर्गलोक की इंद्रपुरी, पुष्पक विमान, द्वारका नगरी और हस्तिनापुर जैसी अद्वितीय नगरीयों और राजमहलों का निर्माण किया। इस दृष्टि से वे न केवल देवताओं के वास्तुशिल्पी थे, बल्कि समस्त सृष्टि में कौशल और तकनीक के आधार स्तंभ भी हैं।

### जयंती का समय और महत्व

भगवान विश्वकर्मा की जयंती भाद्रपद मास की कन्या संक्रांति (आमतौर पर १७ या १८ सितंबर) को मनाई जाती है। ज्योतिषीय मान्यता के अनुसार, इसी दिन सूर्य देव कन्या राशि में प्रवेश करते हैं। इस अवसर पर विशेष रूप से कारखानों, उद्योगों, मशीनों, औजारों और कार्यस्थलों की पूजा की जाती है।

### पूजन-विधि और परंपरा

इस दिन श्रमिक वर्ग और तकनीशियन अपने कार्यस्थलों को सजाते हैं। मशीनों और औजारों की सफाई करके उन्हें पुष्प, धूप, दीप और अक्षत अर्पित किए जाते हैं। पूजा के बाद प्रसाद वितरण होता है और सामूहिक भोज का भी आयोजन किया जाता है। यह विश्वास है कि इससे कार्य में गति, दुर्घटनाओं से सुरक्षा और उत्पादन में वृद्धि होती है।

### सांस्कृतिक और सामाजिक संदेश

विश्वकर्मा जयंती का महत्व केवल धार्मिक दृष्टि से नहीं है, बल्कि यह एक गहरा सामाजिक संदेश भी देती है। श्रम का सम्मान यह पर्व हमें याद दिलाता है कि समाज के हर निर्माण में श्रमिकों और कारीगरों का योगदान सर्वोपरि है। सृजन और नवाचार भगवान विश्वकर्मा ने सृष्टि को सुंदर और उपयोगी बनाया। आज भी तकनीकी क्षेत्र में नवाचार उसी परंपरा का विस्तार है। सामूहिकता और सहयोग मशीनों और औजारों की पूजा के माध्यम से यह संदेश मिलता है कि हर छोटा-बड़ा उपकरण और श्रमिक, उत्पादन और प्रगति का अहम हिस्सा है। आधुनिक संदर्भ औद्योगिक विकास, निर्माण कार्य, तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजाइनिंग जैसे क्षेत्र भी इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हैं। इसलिए विश्वकर्मा जयंती को इंजीनियरों और तकनीकी पेशेवरों का पर्व भी कहा जाता है।

### आधुनिक भारत और विश्वकर्मा जयंती

आज भारत में छोटे-बड़े उद्योग, कारखाने, आईटी सेक्टर, अटोमोबाइल, कंस्ट्रक्शन और मशीनरीकृत सभी क्षेत्रों में करोड़ों लोग काम कर रहे हैं। यह सभी अपने-अपने तरीके से आधुनिक विश्वकर्मा हैं। सरकार भी विश्वकर्मा योजना जैसी योजनाओं के माध्यम से पारंपरिक कारीगरों और हस्तशिल्पियों को प्रोत्साहित कर रही है।

भगवान विश्वकर्मा जयंती केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि श्रम और सृजन का उत्सव है। यह हमें प्रेरित करता है कि हम हर प्रकार के श्रम का सम्मान करें और नवाचार को अपनाकर समाज और राष्ट्र को प्रगति की राह पर आगे बढ़ाएँ।

आज जब भारत विश्वगुरु बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, तब भगवान विश्वकर्मा की जयंती हमें यह स्मरण कराती है कि तकनीक, कौशल और श्रम ही वास्तविक शक्ति हैं।

























## खबर संक्षेप



### केंद्रीय विद्यालय भिलाई में हुआ हिंदी पखवाड़ा

**उतई।** केंद्रीय विद्यालय, सी.आई.एस.एफ. उतई में 12 सितंबर से 26 सितंबर तक हिंदी पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ प्राचार्य भुबनेश्वरी ने किया। उन्होंने राजभाषा हिंदी की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए अपनी राय व्यक्ति की। पहले दिन भाषण प्रतियोगिता "हिंदी हमारी शान, हमारी पहचान"विषय पर रखी गई। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षक - शिक्षिकाएं रूना चौधरी, गीतू, सुनीता गावांडे, सोमा शील गुहा, सृजन, शैलेश बेंजामिन, एबी सिंह, रीना साहू, डी. के. ठाकुर, मोनिका देवी, डी. ए. गिरिया आदि उपस्थित थे।

### न्योता भोज में जुटे बच्चे



**अंडा।** पितृ पक्ष के अवसर पर स्वर्गीय रोशन बाघमार की पुण्य तिथि पर शासकीय उच्च प्राथमिक शाला परसदा डंग में न्योता भोजन आयोजित किया गया। जिसमें शाला 170 बच्चों के अलावा स्टाफ ने भागीदारी दी। कार्यक्रम में सरपंच सत्यवती साहू, उपसरपंच हिलेश्वर साहू, नीलांबर अध्यक्ष, विनोद कुमार, रेशमा साहू, लाला राम महेश कुमार चंद्राकर प्रधान पाठक एवं समस्त स्टॉफ शामिल थे।

## निधन

### आरपी राजवाड़े



**भिलाई।** 113/ए मैत्री विहार राधिका नगर निवासी एवं कूर्मि सेवा समिति भिलाई नगर के संस्थापक सदस्य आरपी राजवाड़े 77 वर्ष का निधन 16 सितंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 17 सितंबर को सुबह 10 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया जायेगा ।

### अलख राम पटेल



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चिंगरी निवासी अलख राम पटेल (74) का निधन मंगलवार को हो गया। वे बेंजो मास्टर महेन्द्र पटेल व गामन पटेल के पिता और कवंल सिंह पटेल, हरिशंकर व हरिकांत पटेल के बडे भाई थे। अंतिम संस्कार गृह ग्राम चिंगरी के मुक्तिधाम में किया गया।

## पहल : अंजोरा ख में परियोजना स्तरीय महतारी वंदन सम्मेलन

# बेटियों को पढ़ाने और हमेशा आगे बढ़ाने का संकल्प, बाल विवाह रोकथाम की ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

स्वामी आत्मानंद हायर सेकंडरी स्कूल अंजोरा(ख) में परियोजना स्तरीय महतारी वंदन सम्मेलन सह बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रजत जयंती वर्ष 2025 में जिला कार्यक्रम अधिकारी आरके जांबुलकर के दिशानिर्देश एवं जिला महिला बाल विकास अधिकारी अजय कुमार साहू के मार्गदर्शन में हुए इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ललित चंद्राकर विधायक और उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण, जिला पंचायत सदस्य प्रिया साहू, जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, जनपद सदस्य संगीता साहू, ग्राम सरपंच संतोष सारथी, माखन साहू, कृषि विज्ञान केंद्र से पोषण एवं आहार विशेषज्ञ डॉ निशा शर्मा, जिला विधिक प्राधिकरण, आईसीपीएस टीम, सखी वन स्टॉप सेंटर, महिला सशक्तिकरण केंद्र हब उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि बेटियां हर क्षेत्र में मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है, शासन द्वारा बेटियों को सशक्त बनाने के लिए शासन के विभिन्न विभागों के द्वारा इस तरह के कार्यक्रम और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। आयोजन में विधिक प्राधिकरण से बाल मुकुंद चंद्राकर, भाग्यश्री नाते, संतोष कसार और वकील विभा मिश्रा दहेज प्रताड़ना अधिनियम, टोनही प्रताड़ना अधिनियम, घरेलु हिंसा के प्रकार, पॉक्सो नियम और अन्य विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। आईसीपीएस से चन्द्र प्रकाश पटेल, लोकमणि ने गुड टच बैड टच, चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098, बाल विवाह अधिनियम की जानकारी दी। असंती साहू ने सखी वन स्टॉप सेंटर के बारे में विस्तार से जानकारी प्रस्तुत की। डॉ निशा शर्मा ने एनीमिया के कारण, लक्षण व निदान के बारे बताया और सभी को अपने खान पान पर विशेष ध्यान देने हेतु प्रेरित किया ।परियोजना अधिकारी उषा झा ने विभागीय योजनाओं की जानकारी एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में बताया। दुर्ग ग्रामीण से उपस्थित पर्यवेक्षकों ने सुकन्या समृद्धि योजना, नोनी सुरक्षा ,प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, महतारी वंदन योजना, माहवारी स्वच्छता, चुप्पी तोड़ो,कन्या विवाह और कुपोषण की जानकारी दी। कार्यक्रम अंतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं रजत जयंती वर्ष की रैली निकाली गई तथा उपस्थित जन समूह को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं बाल विवाह रोकथाम हेतु शपथ भी दिलाई गई। रजत जयंती वर्ष 2025 में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से मेगा स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया जिसमें 42 किशोरी बालिकाओं का हिमोग्लोबिन जांच और सिकलिंग जांच की गई। कार्यक्रम अंतर्गत दो गर्भवती माताओं की गोदभराई और 3 बच्चों का अन्नप्राशन किया गया और सभी के स्वस्थ जीवन की मंगल कामना की गई। कार्यक्रम में पंच करण वैष्णव, प्राचार्य होरीलाल चतुर्वेदी, शिक्षक शसरस्वती श्रीवास्तव के साथ साथ स्कूल के सभी शिक्षकगण, परियोजना दुर्ग ग्रामीण से पर्यवेक्षक इंदु मिश्रा, रेखा लोनारे, प्रमिला वर्मा, गीतांजलि भैसारे, सोनल सोनी,चंद्रकला वर्मा, ममता साहू, ग्राम अंजोरा से कार्यकर्ता आरती वैष्णव विजयलक्ष्मी सरोजिनी अरुणा राधा आदि उपस्थित थे।

**विधायक ललित चंद्राकर ने सम्मानित किया माताओं को**



### सराही गईं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

इस अवसर पर किशोरी बालिकाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया और विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम मनीषा द्वितीय चंचल तृतीय कामना को पुरस्कार दिया गया।वहीं ड्राइंग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार इंदु, द्वितीय भूपेंद्र कुमार और तृतीय गंगोत्री रहे। आंगनबाड़ी की बच्चियों एवं स्कूली बालिकाओं के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया। 12वीं क्लास की बालिकाओं ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ थीम पर नाटक प्रस्तुत किया। नवमी क्लास की बालिकाओं ने छत्तीसगढ़ी फोक डांस, छत्तीसगढ़ी नृत्य सेवा जोहार, बेटियों का नारा और बस्तरिया गीत प्रस्तुत किया ।वहीं दसवीं क्लास की बालिकाओं ने सावन का महीना डांस प्रस्तुत किया ।मिडिल स्कूल की तान्या व ग्रुप, खुशबू व ग्रुप और हेतल व ग्रुप के ट सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। आंगनबाड़ी की छोटी छोटी बालिकाओं द्वारा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# कल सचिन और भूपेश बाइक रैली के साथ पहुंचेंगे सभा स्थल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट 18 सितंबर को दुर्ग आ रहे हैं। जहां वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत दुर्ग में आम सभा करेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग (ग्रामीण) जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने बताया कि एआईसीसी महासचिव सचिन पायलट व एआईसीसी महससचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 18 सितम्बर को मिनीमाता चौक दुर्ग से बाईक रैली के साथ सभा स्थल गांधी पुतला पहुचेंगे। बाइक रैली के माध्यम से पीसीसी चीफ दीपक बैज सहित अन्य नेतागण भी सभास्थल पहुचेंगे। आमसभा की तैयारी को लेकर सह प्रभारी डॉ. एस ए संपत कुमार ने बैठक ली। इस दौरान पूर्व विधायक अरुण वोरा, प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को लेकर प्रतिदिन अलग-अलग बैठक की जा रही है। बैठक के बाद सहप्रभारी संपत कुमार ने मिनीमाता चौक पुलगांव फिर सभा स्थल गांधी पुतला क्षेत्र का भी दौरा किया। एसए संपत कुमार ने कहा की भाजपा का मतदाताओं को धोखा देकर लोकतंत्र की हत्या कर जिस तरह देश में सरकार बनाई है वह पूरा देश जान गया है। जिस तरह देश में लोकसभा, महाराष्ट्र, हरियाणा में चुनाव में धांधली कर मतदान में गड़बड़ी की गई। पुलगांव चौक में पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में बाइक रैली निकाली जाएगी। रैली के साथ ही सचिन पायलेट और भूपेश बघेल सभा स्थल पहुंचेंगे।

### सेवा पखवाड़ा में आज चलाएंगे स्वच्छता अभियान

**जामगांव आर।** भारतीय जनता पार्टी जामगांव आर मंडल द्वारा सेवा पखवाड़ा के पहले दिन 17 सितम्बर को कौही मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद विजय बघेल की उपस्थिति में मनाया जाएगा। मंडल महामंत्री निर्मल जैन ने बताया कि इस अवसर पर सांसद विजय बघेल 12 लाख की लागत से कला मंच व साहू भवन का भूमिपूजन करेंगे। उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी सर्वत्र 17 से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा आयोजित कर विविध कार्यक्रम ।की रूपरेखा तैयार कर चुकी है।

## सोशल मीडिया प्लेटफार्म का इस्तेमाल सावधानी से करने दिए जरूरी टिप्स



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय कुगदा में विद्यालय के छात्र-छात्राओं व शिक्षक शिक्षिकाओं के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए.आई.) विषय पर संकुल स्तरीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में बी.आई.टी. दुर्ग के प्रोफेसर डॉ अभिषेक चक्रवर्ती ने स्लाइड शो माध्यम से इस विषय की बारीकियों से प्रतिभागियों को प्रभावी ढंग से जानकारी दी। उन्होंने यह कहा कि आगामी युग ए.आई. का है इस युग में अपने अस्तित्व को बनाए रखने के लिए किसी न किसी कौशल विद्या में हमें पारंगत रहने की आवश्यकता है।

उन्होंने छात्र-छात्राओं को सोशल मीडिया के प्लेटफार्म जैसे फ़ेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप आदि के उपयोग के समय बरती जाने वाली आवश्यक सावधानियों से भी अवगत करवाया। इस सेमिनार में विद्यालय के प्राचार्य सोमेन कुण्डू, वरिष्ठ व्याख्याता एस.के.देवांगन, सीपी देवांगन के अलावा कुगदा संकुल के लगभग 25 व्याख्याताओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं 170 छात्र-छात्राओं के साथ-साथ सेवानिवृत्त संकुल समन्वयक कौशलेंद्र भारद्वाज ने भी अपनी सहभागिता प्रदान की।



## बच्चों के सपनों को पंख देने पोस्टर का किया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

नगर पंचायत उतई के प्रांगण में आगामी 'चलो दौड़े – बच्चों के तैरते सपनों के लिए' फ़्लोटिंग विंग्स मैराथन का पोस्टर बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ विमोचित किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती साहू, उपाध्यक्ष, पार्षदगण एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे और सबने मिलकर इस अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

मैराथन का आयोजन 5 अक्टूबर को बाज़ार चौक, उतई में किया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों के खेल और तैराकी से जुड़े सपनों को साकार करना और समाज में खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर शिवनारायण, लक्ष्मीनारायण साहू, विजय लक्ष्मी साहू, खूबी राम, अनीता सिंह गढ़े, संगीत रजक, रूपेश पारख, विनोद कुमार, डेकेश कुमार साहू, सोनू राजपूत, दीपक विश्वकर्मा, नीतू बंछोर, जेबा खान, प्रकाश यादव, ओमकुमार ओझा, वैशाली बंजारे, निशा ओझा, लता राठौर, लोकेश्वरी देवांगन, अलका देवी वर्मा, अंकलु राम साहू, हेमंत साहू, एनपी चौधरी, योगेश साहू उपस्थित थे।

## शहर में सफाई के लिए 2 हजार कर्मी लेकिन फील्ड पर संख्या कम, शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ मामले में निष्पक्ष जांच की कलेक्टर से की मांग

शहर की सफाई के लिए निगम क्षेत्र में 2 हजार से ज्यादा कर्मचारी हैं, लेकिन फील्ड पर गिनती के कर्मचारी नजर आते हैं। इसे लेकर आम आदमी पार्टी ने कलेक्टर से शिकायत कर मामले में जांच की मांग की है। सचिव मेहरबान सिंह और सिविल सोसाइटी से जसप्रीत सिंह ने बताया की भिलाई निगम में अधिकारियों तथा सफाई ठेका कंपनी द्वारा मिलकर फर्जी सफाई कर्मी दिखाकर पैसे निकाले जा रहे हैं। धोखाधड़ी की जा रही है। सफाई कर्मियों की सूची निजी जानकारी बताकर मामले को दबाने का प्रयास किया जा रही है। ठेका कंपनी अर्बन एनवायरनमेंट वेस्ट मैनेजमेंट कंपनी के अंतर्गत कार्य करने वाले सफाई कर्मियों की सूची उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। जसप्रीत सिंह ने बताया की 70 वार्ड में जितने सफाई कर्मी कार्यरत दिखना चाहिए, उतने जमीनी स्तर पर नहीं हैं। 70 वार्डों में अगर इन 2000 सफाई कर्मियों को बांट दिया जाए तो हर एक वार्ड को 28 सफाई कर्मी मिलेंगे जबकि यह हकीकत से दूर है। उन्होंने मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की है।

### पाटन दशहरा उत्सव की तैयारियां हुई शुरू

**पाटन।** नगर पंचायत पाटन में दशहरा उत्सव समिति की बैठक सम्पन्न हुई। इस बार दशहरा मैदान में वर्षों बाद नया आकर्षण देखने को मिलेगा, क्योंकि राम–रावण सहित प्रमुख पात्रों को बदला गया है। समिति ने बताया कि इस वर्ष रावण की भूमिका नरेंद्र दुबे, राम की भूमिका वेदांत पांडेय, लक्ष्मण की भूमिका शिवम् पांडेय, हनुमान की भूमिका घनश्याम सोनी तथा विभीषण की भूमिका कर्तव्य देवांगन निभाएंगे। बैठक में तय किया गया कि दशहरा मैदान अखरा में पारंपरिक ढंग से आतिशबाज़ी और शोभायात्रा का आयोजन होगा। मंचन के दौरान आकर्षक झांकियाँ और विशेष प्रस्तुतियाँ भी दर्शकों को देखने को मिलेंगी। उत्सव समिति ने बताया कि पात्रों के चयन के साथ ही अब रिहर्सल और मंच निर्माण का कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है। इस बार के आयोजन को और भव्य बनाने के लिए स्थानीय नागरिकों का भी सहयोग लिया जा रहा है। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश भाले, सभापति केवल देवांगन, उपाध्यक्ष श्रीमती निशा सोनी, पार्षद कृष्णा भाले, पं. विजय सावनी, पं. कृष्ण कुमार तिवारी, संजय शर्मा, दिनेश मिश्रा, गंगादीन साहू, योगेश्वर वर्मा, विनोद देवांगन, श्रीकांत देवांगन, सागर सोनी, नितेश तिवारी, राधे यादव, प्रमोद मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## बिजनेस साइट

### विश्वकर्मा जयंती पर हार्वेस्टिंग मशीन की ख़रीददारी



**दुर्ग।** विश्वकर्मा जयंती का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। भगवान विश्वकर्मा को देव शिल्पी एवं प्रथम अभियंता माना जाता है। इस दिन किसान, व्यापारी, इंजीनियर, उद्योगपति एवं मशीन-औज़ार से जुड़े सभी वर्ग अपने उपकरणों और मशीनरी की पूजा-अर्चना करते हैं। इसी परंपरा से प्रेरित होकर बलौदा बाज़ार के कृषक पंकज वर्मा ने अपने मार्गदर्शक शिक्षक स्व. राधेश्याम वर्मा की स्मृति में अपने सहपाठियों के साथ दुर्ग कमला मोटर्स से केएस एग्रीकल्चर की अत्याधुनिक हार्वेस्टिंग मशीन 'क्रॉप मास्टर 9300' की खरीदारी की। इस मशीन की खासियत यह है कि यह बीएस-4 तकनीक आधारित अशोक लीलैंड इंजन से संचालित है, जो यूरिया पानी प्रणाली द्वारा प्रदूषण रहित कार्य करती है। मशीन के प्रमुख पुर्जे स्टेनलेस स्टील से निर्मित हैं, जिससे यह मजबूती और टिकाऊपन में श्रेष्ठ है। यह औद्योगिकी 'बिक्री से ज्यादा बिक्री पश्चात सेवा' के तर्ज पर कार्य करती है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, आरंग शाखा के सहयोग से इस मशीन की खरीदारी संभव हुई। डिलीवरी अवसर पर पंकज वर्मा वल्द वीरेंद्र वर्मा, रामगोपाल साहू, धामनी साहू, चालक लक्की साहू सहित अनेक कृषक व आमंत्रित गण उपस्थित रहे। यंत्र की डिलीवरी प्रदान करते हुए अंशु सिंह, भजन सिंह राजपूत संचालक माँ भवानी क्रेन, पद्मेश जैन सह-संचालक कमला मोटर्स, सेल्स प्रमोटर सत्य श्री लक्ष्मी नारायण चंद्राकर, अभियंता किशोर निषाद, आगंतुक पूजारीन नंदिता सामंत, बरमेचा एलेवटर के कनिष्ठ अभियंता जयदीप सावंत एवं अन्य साथीगण उपस्थित थे। पूजन-अर्चना एवं मंत्रोच्चार के साथ विधिवत डिलीवरी सम्पन्न हुई।

## मुस्कान मित्र फाउंडेशन के स्नेह सम्मेलन में हुई कई प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



मुस्कान मित्र फाउन्डेशन दुर्ग का वार्षिक स्नेह सम्मेलन वृदावन गाडन दुर्ग में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि महापौर अल्का बाघमार और विशेष अतिथि में सावित्री दमाहे, लोकेश्वरी ठाकुर थीं। इस अवसर पर व्यंजन प्रतियोगिता, एकल नृत्य, युगल नृत्य, समूह नृत्य सहित मिस्टर मुस्कान एवं मिसस मुस्कान स्पर्धा आयोजित की गई । निर्णायक अनामिका सेन, संगीता देवांगन मनीष कोठारी थे। एकल नृत्य महिला समूह में प्रथम रेणू पांडे, द्वितीय रितू ताम्रकार, एकल नृत्य पुरूष वर्ग में प्रथम कृष्णा नायक व द्वितीय हुकुम मानिकपुरी, युगल नृत्य में प्रथम कृष्णा नायक एवं श्वेता चनद्रिकापुरे, समूह नृत्य में प्रथम कृष्णा एंड ग्रुप रहे। मिस्टर मुस्कान प्रथम कृष्णा नायक व द्वितीय नामदेव साहू रहे । मिस / मिसेस मुस्कान में प्रथम माया कौशल एवं द्वितीय मंगला रहीं । कृष्णा नायक ग्रुप द्वारा महाकाल पर आधारित आकर्षक समूह नृत्य में सुषमा गुप्ता, प्रीति गुप्ता, संजू श्रीवास्तव, रचना चन्द्राकर, राशि कदम और शबीना की भूमिका रही ।इस अवसर पर फाउन्डेशन के संरक्षक चन्द्रभूषण साहू, अध्यक्ष अरूण मिश्रा, उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण ताम्रकार, सचिव राजेश गुप्ता, सहसचिव महेश सिन्हा, कोषाध्यक्ष कौशलेन्द्र गुप्ता सहित सदस्य अनुप यादव, मनोज साहू, हितेन्द्र मिश्रा, केशव साहू आदि की सहभागिता रही।

## नि:शुल्क परामर्श के साथ दी दवाइयां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई



वृहद निःशुल्क चिकित्सा शिविर उतई के आरोग्यवेदा हास्पिटल में शुक्रवार को आयोजित किया गया। जिसमें शासकीय जिला अस्पताल के आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ गीतांजलि साहू, होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोषी यादव एवं योग और नेचुरोपैथी चिकित्सक डॉ अमित वासनिक ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

इस अवसर पर विभिन्न रोगों जैसे साईटिका, वातरोग, नसों का चिपकना, लकवा, झुनझुनापन, लिंग में शिथिलता, शुक्राणु में कमी,जोड़ों में दर्द, बवासीर, अनियमित मासिक धर्म, पैरों में सूजन, गर्भाशय में गांठ, बांझपन, शुगर डायबीटिज, हाई लो बीपी आदि के 96 मरीजों ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ लिया जिसमें निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श के साथ मरीजों को दवाइयों का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर उतई नगर के प्रथम नागरिक नगर पंचायत अध्यक्षा सरस्वती नरेन्द्र साहू व पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष डीकेन्द्र हिरवानी एवं उपाध्यक्ष शिवनारायण देशमुख, लोक निर्माण विभाग शोभेन्द्र सोनू राजपूत एवं समस्त पार्षदों का सम्मान आरोग्यवेदा अस्पताल के संचालक डॉ प्रेमलाल पटेल एवं आरोग्यवेदा के समस्त स्टाफ ने तिलक लगाकर, श्रीफल भेंटकर एवं सम्मान पत्रक के साथ किया। शिविर में आरोग्यवेदा के स्टाफ संजय देवांगन, आकांक्षा, योगेश्वरी, धनेश्वरी, मेघा, लीशा ने सेवाएं प्रदान की। डॉ पटेल ने इस शिविर की उत्कृष्ट सफलता का श्रेय क्षेत्र की जनता के स्नेह और आरोग्यवेदा हास्पीटल के चिकित्सा के प्रति विश्वास को दिया।

## अपने जीवन को संकट में मत डालिए : डॉ. अग्रवाल



**भिलाई।** इसे नजर अंदाज कर छणिक इलाज से रोग को दबा कर अपने जीवन को संकट में मत डालिए तुरंत खून की जाँच कराए। क्या आप को किसी प्रकार के वायरल या संक्रमण रोग हैं। जैसे हर्पिस रोग, स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने, फुंसी, छाले, चमड़ी का फटना, खुजली लाल होना, पेशाब में जलन या पीब आना, पेट के दाहिने तरफ दर्द हो तो यह हर्पिस रोग, हेपाटाइटिस, सिफलिस, गौनोरिया (सूजाक), रुबेला या एच.आई.वी. रोग हो सकता है। ये लक्षण इसके प्रारंभिक संकेत हैं। क्या आपको किसी भी प्रकार का लाईलाज चमड़ी रोग हैं सोरायसिस सिर एवं शरीर से तांबे रंग के छिलके, खुजली, रूसी, जोड़ो में दर्द, सुजन अंगुलियों का टेढ़ा होना, नाखूनो का सड़ना पुराना एक्जिमा रोग हैं। क्या आप किसी प्रकार के यौन समस्या, यौन कमजोरी व यौन रोग से परेशान हैं जैसेः शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, पेशाब से धातु जाना, उत्तेजना की कमी, मधुमेह जन्य नपुंसकता इत्यादि । ध्यान रहे पुरुष के प्रकृति जन्य लिंग (इन्द्रिय) को बड़ा मोटा करने का आज तक कोई भी उपाय नहीं हैं। नीम हकिमो से सावधान। इन बीमारियों का स्थायी ईलाज इम्ननों थैरिपी पर आधारित केवल रस-रसायन में ही हैं। वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लिनिक आईएसओ सर्टिफाईड सुविख्यात चिकित्सक डॉ. एचसी अग्रवाल (एमडी) निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट) रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे दुर्ग में स्थित है।

### पाटन में प्रवचन आज से

**पाटन।** स्वामी रामानंदाचार्य नरेंद्रचार्य द्वारा लिखित श्री लीलामृत ग्रन्थ पर आधारित तीन दिन दिवसीय प्रवचन 17 सितंबर से कृषि उपज मंडी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने,पाटन में रखा गया है। जिसमें जिसमें जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी नरेंद्रचार्य महाराज, दक्षिण पीठाधीश्वर, नानिज धाम, रत्नागिरी, महाराष्ट्र के शिष्य भूषण रोहित मोडे प्रवचन करेंगे। कार्यक्रम में तीनों दिन दिव्य रासलीला भी होगी एवं प्रसादी वितरण भी रहेगा।



## खबर संक्षेप

### 31 दिनों तक रखा उपवास, भक्ति संध्या कल



**दुर्ग।** शहर के प्रतिष्ठि लोढ़ा परिवार के सदस्य लगन ने 31 दिनों का उपवास रखा है। मासक्षमण तप के उत्सव में उसने यह उपवास का प्रण लिया। वे सुनील और मधु लोढ़ा के पुत्र हैं। इस अवसर पर 18 सितम्बर को भक्ति संध्या का कार्यक्रम रखा गया है। वर्धमान हाईट्स गंजपारा में यह कार्यक्रम होगा, जिसमें लवेश हिमांशु बुरड़ इंदौर प्रस्तुति देंगे। रात 8 बजे से यह कार्यक्रम शुरू होगा। अगले दिन 19 सितंबर शुक्रवार को सुबह 8.30 बजे वरघोड़ा निकलेगा। यह शोभायात्रा ऋषभ नगर जिन मंदिर ऋषभ नगर से नवकार भवन स्थित प्रार्थना स्थल जाएगी। समाज के सुनील जैन ने बताया कि आयोजन में शामिल होने के लिए दुर्ग, भिलाई के अलावा आसपास के अन्य जिलों से भी जैन समाज के लोग पहुंच रहे हैं। इस उत्सव में गरीब, जरुरतमंदों को निशुल्क भोजन, वृद्धाश्रम में सेवाकार्य और गौठान में गौसेवा भी की जाएगी।

### गांधी चौक दुर्ग में सालाना उर्स आज

**दुर्ग।** हजरत बाबा कुतुब शेख जलालुद्दीन रहमतुल्लाह अलैह, हजरत अम्मी जान नूर जहां बानो रहमतुल्लाह अलैह का उर्स मुबारक कार्यक्रम 17 सितंबर को गांधी चौक में रात 9 बजे से आयोजित है। इसे लेकर केलाबाड़ी से पांच कंडिल गांधी चौक के उर्स मुबारक के मौके पर खादिमे आस्ताना शेख मजीद के मकान से शाही संदल निकला जाएगा। शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए संदल मजार शरीफ पहुंचेगा, जहां परचम कुशाई के साथ चादर पोशी की रस्म अदायगी होगी। सलातो सलाम पढ़ा जायेगा। दुआएं खैर की जाएगी। इसके बाद तबरूक तक्सीम किया जायेगा। साथ ही जामा मस्जिद के ईगामी खातिब हजरत सलीम रजा साहब की तकरीर होगी। उसके बाद सूफियाना कव्वाली का प्रोग्राम किया जाएगा। यह जानकारी अबरार पुवार ने दी। कार्यक्रम देर रात तक चलेगा। इस दौरान मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर कव्वाली मो. शाहिद व मो. आरिफ की प्रस्तुति देंगे। उर्स पार्क कमेटी मजार समिति द्वारा इस कव्वाली का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। नागपुर से भी कलाकार बुलाएं गए है।

# इंदिरा मार्केट क्षेत्र में ठेले-खोमचों वालों की होगी लिस्टिंग, वसूला जाएगा शुल्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दीपावली समेत आने वाले त्योहारी सीजन को देखते हुए शहर के सबसे भीड़भाड़ वाले क्षेत्र इंदिरा मार्केट में बाजार व्यवस्था को लेकर महापौर अल्का बाघमार ने समीक्षा की।

महापौर अलका बाघमार ने आयुक्त सुमित अग्रवाल को निर्देशित किया कि वे तत्काल व्यवस्था सुधार की दिशा में काम करें।लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। साथ ही ठेले-खोमचे और पसरा में दुकान लगाने वालों का व्यापार भी प्रभावित न हो। इसके बाद तय किया गया कि पसरा लगाने वालों को छह बाई छह फीट की जगह उपलब्ध कराई जाए। वहीं ठेले-खोमचे में दुकान लगाने वालों की लिस्टिंग कर उनसे शुल्क वसूला जाए। निरीक्षण के दौरान एमआईसी मेंबर और निगम के अधिकारी मौजूद थे। महापौर अलका बाघमार ने स्पष्ट कहा कि इंदिरा गांधी प्रतिमा क्षेत्र में यातायात बाधित न हो। इसके लिए पसरा लगाने वालों के लिए तय जगह की पेंट मार्किंग की जाए। हर दुकानदार को अपने-अपने दायरे में ही दुकान लगाने की अनुमति होगी। सीमा से बाहर दुकान फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## दीपावली के लिए पसरा लगाने वालों को मिलेगी छह बाई छह की जगह, महापौर ने दिए निर्देश

### यातायात और पार्किंग को लेकर सुधारी जाएगी व्यवस्था, होगी जांच

महापौर बाघमार ने साइकिल स्टैंड और उसके आस-पास पार्किंग बोर्ड व बैनर लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दीपावली सीजन में निगम कर्मचारी मौके पर तैनात रहेंगे, ताकि भीड़ के समय किसी भी वाहन को बाजार क्षेत्र में प्रवेश न दिया जाए और अव्यवस्था न फैले। इंदिरा मार्केट में ठेले-खोमचे वालों की लिस्टिंग कर शुल्क तय किया जाए। इससे जहां राजस्व प्राप्त होगा वहीं अव्यवस्थित तरीके से पसरा लगाने की प्रवृत्ति पर रोक लगेगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सड़क सीमा क्षेत्र से बाहर दुकान लगाने वालों पर जुर्माना किया जाएगा।



### व्यापारियों की शिकायत के बाद हरकत में आया दुर्ग निगम

बता दें कि व्यापारियों ने इस पूरे मामले को लेकर महापौर से शिकायत की थी। शिकायत में कहा गया कि पार्किंग में अनाप-शनाप वसूली हो रही है। सड़क पर खड़े वाहनों से भी पार्किंग शुल्क वसूला जा रहा है। इसके बाद महापौर निगम अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंची। इस मौके पर एमआईसी सदस्य नरेंद्र बंजारे, देव नारायण चंद्राकर, शेखर चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, नीलेश अग्रवाल, उपआयुक्त मोहेंद्र साहू, उपअभियंता उमयंती ठाकुर, अभ्युदय मिश्रा, राजू

## बस व हैवी वाहनों के लिए तैयार किए जा रहे वैकल्पिक मार्ग और पार्किंग स्थल

# 19 को जिले में वीवीआईपी मूवमेंट, ट्रैफिक पुलिस विशेष तैयारी में जुटी, नवरात्र को लेकर हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दुर्ग जिले में 19 सितंबर को वीवीआईपी मूवमेंट के चलते यातायात पुलिस व्यवस्था बनाने के लिए विशेष तैयारी कर रही है। लोगों इस दौरान कोई असुविधा ना हो इसको देखते हुए विशेष रूट डायवर्सन और पार्किंग की योजना बनाई गई है।

इस दौरान विभिन्न जिलों से आने वाली बसों के लिए निर्धारित स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है, ताकि शहर के भीतर अनावश्यक जाम की स्थिति ना बने और नागरिकों को यातायात में किसी प्रकार की असुविधा ना हो। ट्रैफिक एएसपी ऋचा मिश्रा ने बताया कि दुर्ग जिले से लगी सीमाओं से आने वाली बसों एवं यात्री वाहनों की पार्किंग की अलग व्यवस्था की गई है। बालोद, अर्जुंदा, डोंगरगढ़, दल्लीराजहरा, धमतरी, राजनांदगांव एवं खैरागढ़ से आने वाली बसों के लिए रक्षित केन्द्र दुर्ग में पार्किंग व्यवस्था एवं बस नंबर के दौरान जीवन प्लाजा के सामने खड़ी होंगी। इसी तरह धमधा नाका, बायपास मार्ग से ग्रीन चौक की ओर आने वाले मार्ग से पहुंचने वाली बसे रायपुर, राजनांदगांव, धमधा, कवर्धा एवं बेमेतरा की ओर से आने वाली बसों के लिए ग्रीन चौक (बायपास मार्ग) पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

पाटन की ओर से आने वाली बसों के लिए समृद्धि बाजार के सामने, हॉकी मैदान में पार्किंग की व्यवस्था है। इसके अतिरिक्त भारी वाहनों का शहर के भीतर प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इसके लिए शहर की सीमाओं पर आवश्यक अवरोध एवं पुलिस बल की तैनाती की गई है।

### इमरजेंसी के लिए ई-रिक्शा और आटो की व्यवस्था

इस दौरान किसी भी प्रकार की इमरजेंसी होने पर ई-रिक्शा और ऑटो की व्यवस्था की गई है। यातायात पुलिस ने अपील की है कि लोग निर्धारित मार्ग और पार्किंग योजना का पालन करें। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचने के लिए यातायात पुलिस द्वारा दिए गए निर्देशों का अनुपालन करें। सुरक्षित, सुचारू और व्यवस्थित यातायात व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन को सहयोग प्रदान करना सभी की जिम्मेदारी है।

अलग खबर

## दुर्गोत्सव समितियों के आयोजकों की बुलाई गई बैठक, दिए गए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पुलिस कण्ट्रोल रूम भिलाई में दुर्गोत्सव समितियों के आयोजकों की आवश्यक बैठक बुलाई गई। बैठक में उन्हें समझाईश दी गई कि नियमानुसार अनुमति प्राप्त कर साउण्ड सिस्टम लगाएं और मानक आधार पर ही उसे बजाएं। बैठक में दुर्ग-भिलाई के 125 से ज्यादा आयोजकगण उपस्थित हुए।

22 सितंबर से नवरात्रि का पर्व शुरू हो रहा है। इसके लिए लोग जगह जगह दुर्गा प्रतिमा बैठाने के लिए पंडाल बनाना शुरू कर दिए हैं। इस आयोजन के देखते हुए दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल के निर्देश पर पुलिस कंट्रोल रूम में सभी दुर्गा समिति आयोजकों की बैठक बुलाई गई। बैठक में एएसपी सुखनंदन राठौर ने दुर्गोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष व सदस्यों को आयोजन को लेकर गाइडलाइन के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि सभी समिति संचालकों को एसडीएम से अनुमति के बाद ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग करना है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक किसी भी स्थिति में ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग नहीं करना है।



### इन नियमों का करना होगा पालन

- डीजे का उपयोग नहीं करना है।
- पंडाल व वाहन पार्किंग स्थल पर पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरा लगाना है।
- प्रतिमा व पंडाल की सुरक्षा की सम्पूर्ण जवाबदारी आयोजन समिति को लेना है।
- पंडाल में अनिवार्य रूप से वालेंटियर को रखना है और प्रत्येक वालेण्टियर का पुलिस वेरीफिकेशन कराना है।
- आयोजन समिति के अध्यक्ष और सदस्य सहित वालेंटियर की सूची संबंधित थाना चौकी में देना है।
- पृथक से वाहन पार्किंग की व्यवस्था करना है। पार्किंग शुल्क नहीं लिया जाना है। इसकी शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।
- झांकी देखने आने वाले श्रद्धालुओं में महिला, पुरुष और बच्चों के इंट्री और एग्जिट दोनों अलग अलग रखना है।
- सांस्कृतिक कार्यक्रम की सूचना 1 दिन पहले संबंधित थाना-चौकी को देना है।
- आयोजन के दौरान यह ध्यान देना है कि उससे किसी व्यक्ति विशेष, समुदाय, जाति, धर्म की भावना को ठेस ना पहुंचे।

## आरटीओ में दलालों का बोलबाला युवा कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को आरटीओ दफ्तर के बाहर प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रशासनिक अधिकारियों पर जमकर भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया। इस दौरान जमकर नारेबाजी की गई। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि 25 अगस्त को जनदर्शन में आरटीओ द्वारा अवैध उगाही और प्रति लाइसेंसी लगभग 1500 से 2000 रुपए अधिक लेकर बिना टेस्टिंग के लाइसेंस जारी किए जाने की शिकायत की गई थी। मामले में दोषी अधिकारियों पर एफआईआर की मांग की गई थी, लेकिन इस पर ध्यान नहीं दिया गया।

- 1500 से 2 हजार रुपए लेकर बिना टेस्टिंग के भी लाइसेंस जारी करने का लगाया आरोप

इसे लेकर कार्यकर्ता मंगलवार की दोपहर आरटीओ दफ्तर पहुंचे। गेट के बाहर कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए पुनः ज्ञापन सौंपा। निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। नायब तहसीलदार ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने साक्ष्य के रूप में 5 दिन की वीडियोग्राफी पेन ड्राइव के माध्यम से तहसीलदार को उपलब्ध कराई। इस दौरान आरटीओ में दलालों की सक्रियता पर भी सवाल उठाए।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि दफ्तर के बाहर दलालों का जमघट लगा हुआ है। दफ्तर के अंदर भी दलाल सक्रिय हैं। वे खुद फाइल लाना लेजाना कर रहे हैं। जिला महासचिव दीपांकर साहू ने कहा कि 7 दिन के भीतर कार्रवाई नहीं होने पर और भी अधिक उग्र आंदोलन किया जाएगा। अध्यक्ष जयंत देशमुख के नेतृत्व में कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान अनिल देशमुख, गोपी,निर्मलकर, यशवंत देशमुख, हेमंत साहू, पंकज सिंग, आशीष वर्मा, गोली वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

# रेलवे ने तितुरडीह मोहल्ला से कब्जा हटाने जारी किया नोटिस, प्रभावित पहुंचे कलेक्टोरेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग





तितुरडीह मोहल्ला को तोड़े जाने और सालों से निवासरत लोगों को पट्टा देने की मांग पर गांधी पुतला के पास प्रदर्शन कर रैली करते हुए प्रभावित कलेक्टोरेट पहुंचे, जहां उन्होंने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

उन्होंने कहा कि 40 से ज्यादा परिवारों को नोटिस दिया गया है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशन का कायाकल्प किया जा रहा है। जारी कार्यों को लेकर यह नोटिस जारी किया गया है। इसे लेकर स्थानीय लोगों ने कहा कि पिछले 60 - 70 साल से भी अधिक समय से तितुरडीह में निवास कर रहे हैं। जीविकोपार्जन के लिए महिलाएं घरों में जाकर सालों से खाना बनाने व साफ-सफाई का काम करती हैं। इसी पर निर्भर होकर जीवन चलता है। हम मोहल्ला वासी यहां पर अपने पिताजी व दादाजी के जमाने से निवास कर रहे हैं। निगम ने इस क्षेत्र में कुछ लोगों को स्थाई पट्टा भी जारी किया है। बावजूद इसके 16 अगस्त को रेलवे प्रशासन ने नोटिस जारी कर दिया। 15 दिन में जगह खाली करने अन्यथा तोड़ने की चेतावनी दी। बारिश के दिनों में अब लोग कहां जाएं। लोगों ने कहा कि हमारे पास राशन कार्ड, आधार कार्ड व वोटर आईडी कार्ड है। लगातार चुनाव में हम वोट देते हैं। उन्होंने मांग की कि बेदखल किये जा रहे परिवारों को तितुरडीह मोहल्ले से 1 किलोमीटर के दायरे में घर बनाकर दिया जाए। 10-10 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाए।

## सुपेला कोसानगर ब्लॉक के अध्यक्ष के लिए 12 नेताओं ने की दावेदारी



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर संयुक्त महामंत्री शशि भूषण गौतम ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुपेला कोसा नगर भिलाई के नए अध्यक्ष चयन करने के साथ संगठन सृजन कार्यक्रम कार्यक्रम के अंतर्गत कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक कोहका स्थित सिन्हा भवन में ली। बैठक में अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, महापौर नीरज पाल, पूर्व राज्यमंत्री बीडी कुरैशी, बंटी गिरवर साहू उपस्थित थे। शशि भूषण ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश में आजादी दिलाने वाली पार्टी है। पार्टी की विचारधारा वाले व्यक्ति और पार्टी के लिए काम करने वाले श्रेष्ठ का चयन होगा। बैठक में एआईसीसी पूर्व महामंत्री अरुण सिसोदिया, अतुल साहू, राजेश मिश्रा, एमआईसी मेंबर संदीप निरंकारी, केशव चौबे, लालचंद वर्मा, चंद्रशेखर गंवई, नेहा साहू, ब्लॉक संगठन प्रभारी दीपक भाटिया, चवनराम साहू, अध्यक्ष नंदकुमार कश्यप, कार्यकारी अध्यक्ष मो ऱफ़ीक़, आनंद डोंगरे सहित अन्य मौजूद थे। बैठक में 18 सितंबर को होने वाले वोट चोर गद्दी छोड़ यात्रा के संबंध में चर्चा की गई।










## सेवा अभियान की शुरुआत आज से

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम दुर्ग क्षेत्र में 17 सितम्बर दिन बुधवार से स्वच्छता ही सेवा अभियान, अंगीकार-2025 प्रधानमंत्री आवास योजना-2.0 एवं छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव की शुरुआत होगी। विवेकानंद सभागार पद्मनाभपुर में कार्यक्रम होगा। इसके लिए नोडल और सहायक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। उपायुक्त मोहेन्द्र साहू को नोडल अधिकारी तथा कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। आयोजन की तैयारियों को लेकर अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है। अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे समय पर कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होकर अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

हरिभूमि

रायपुर, बुधवार 17 सितंबर 2025

लाइव

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129

04



डीप नेक ब्लाउज में स्टनिंग दिखने के लिए अपनाएं इन जरूरी टिप्स को

लाइव इवेंट

## सिंधी समाज की महिलाओं ने की माता महालक्ष्मी की पूजा-अर्चना



**भिलाई।** पितृ पक्ष की अष्टमी तिथि पर सिन्धी समाज का पौराणिक महालक्ष्मी पर्व साईं झूलेलाल धाम 32 एकड़ हाऊसिंग बोर्ड भिलाई में मनाया गया।इस दिन समाज की महिलायें अपने घर के सभी सदस्यों के हाथों में राधाष्टमी के दिन बांधे हुए रक्षा सूत्र को पितृ पक्ष की अष्टमी तिथि पर इस रक्षासूत्र सगड़े को खोला और सोरी मीठे पकवान में बांधकर घर के सदस्यों की संख्या के हिसाब से उतने दिये आरती की थाल में सजाकर झूलेलाल धाम में उपस्थित हुई। साथ ही सेवईं और अन्य मीठे पकवान बना कर इस पर्व पर माता महालक्ष्मी को भोग लगाया। कथा के समापन पर आदर्श सिंध ब्रादर मंडल एवं साईं झूलेलाल धाम महिला मंडली सहित समाज के अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र कृष्णानी, महिला मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी नागदेव ने वैश्विक आरोग्य और वैश्विक कल्याण की प्रार्थना माता महालक्ष्मी से की।

■ पितृ पक्ष की अष्टमी को सिन्धी समाज ने मीठे व्यंजनों का लगाया भोग



सिटी इवेंट

## हिंदी पुस्तक डिकोडिंग गीता विथ इन यू का हुआ विमोचन



**भिलाई।** मुक्त कंठ साहित्य समिति के तत्वावधान में हिंदी दिवस पर परिचर्चा और सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शंकराचार्य महाविद्यालय दुर्ग की प्राचार्या डॉ अर्चना झा, मुक्तकंठ साहित्य समिति के अध्यक्ष गोविंद पाल, पुलिस अधीक्षक सीआईडी नरेंद्र सिकेवाल, वरिष्ठ कथाकार शिवनाथ शुक्ला, विजिटिंग प्रोफेसर डॉ. सुचित्रा शर्मा उपस्थित रहीं। इस अवसर पर नेहा वार्ष्णेय द्वारा हिंदी में लिखित पुस्तक डिकोडिंग गीता विथ इन यू का विमोचन किया गया।

आकाशवाणी के विशेष उद्घोषिका पुनम ठाकुर भी उपस्थित रही। इस दौरान सभी अतिथियों ने राजभाषा हिन्दी पर अपनी सार गर्भित वक्तव्य रखे। कवियों ने विशेष तौर पर राजभाषा हिन्दी पर केन्द्रित अपनी कविताओं की रस से उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिए। जिसमें यू ट्यूबर अर्जुन के साथ दुलाल समाद्दार, संतोष जाटव, शंकर भट्टाचार्य, जाविद हसन, वासुदेव भट्टाचार्य, इस्माइल आजाद, ब्रजेश मल्लिक, डॉ शीतल चन्द्र शर्मा, मंजु लता शर्मा, जलज ताम्रकार, प्रिया गुप्ता, डॉ एन के देवांगन, नेहा वार्ष्णेय, शिवमंगल सिंह, रियाज गौहर खान, डॉ नौशाद सिद्दीकी, संध्या जैन, राजेंद्र कुमार, फरीदा शाहीन, आकांक्षा तिवारी, विपुल सेन, राजेंद्र कुमार जैन, समीर त्रिपाठी, मनोज शुक्ला, डॉ संजय दानी, डॉ यशवंत यश सूर्यवंशी, जीवन चंद्र हालदार, विटेश्वर नाथ, संत ओंकार दास, मोहम्मद हुसैन, गंगाराम चौबे, सुमित्रा, एस डी नायक, भीखम सिंह हंगामा, यशोदा जायसवाल, सत्यवती शुक्ला, कमल नारायण, प्रकाश चंद्र मंडल, बी एन सरकार, डॉ एन के देवांगन, आर एन देवनाथ, ओमवीर करण, कमल नारायण, डॉ अमर शर्मा, विनोद कुमार वर्मा, अर्जुन मंडल सहित अन्य लोगों ने काव्य पाठ किया।

## आकस्मिक आपदाओं से निपटने एसडीआरएफ ने दिया प्रशिक्षण, सीखा सीपीआर



**भिलाई।** वनवासी विकास समिति दुर्ग-भिलाई द्वारा आकस्मिक आपदाओं में स्वयं का और दूसरों का रक्षण विषय पर प्रशिक्षण पोस्ट मैट्रिक स्नातकोत्तर एसटी कन्या छात्रावास सिविल लाइंस में आयोजित किया गया। जिसमें मेजर ईश्वर खरे एसडीआरएफ, सैनिक आशिष सिन्हा, महेश गंधर्व, दिनेश चंद्राकर, राजू महानंद, महेश जांगडे, हबीब अल्लाह खान, रमेश रात्रे, मेजर ईश्वर खरे के मार्गदर्शन में छात्राओं को आपदा के समय धैर्य, संयम और सुरक्षा उपायों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। इस दौरान हार्ट अटॅक की स्थिती में गोल्डन समय रहते हुए सीपीआर देकर पेशेंट का जीवन बचाना सिखाय। प्रशिक्षण में 50 छात्राओं ने भाग लिया और आपदा टीम से प्रश्न भी पुछे। कार्यक्रम में वासंती नाराडे, रोमा यादव, मंजिरी देशपांडे, पुष्पलता नेताम, रेखा देशपांडे उपस्थित रहे।

● दशरथ राज कुमार नज़र तोहे लग जाएगी... भजन पर हर्षित हुए रामकथा सुनने पहुंचे श्रोता

# बच्चों को बाल रूप से ही आध्यात्मिक संस्कार दें, बल, बुद्धि और विद्या देने सिखाएं हनुमान चालीसा, सीता-राम विवाह में झूमें भक्त

**भिलाई।** जीवन आनंद फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित राम कथा के पांचवे दिन कथा की शुरूआत रामायण जी के आरती और सीता राम के उच्चारण के साथ की गई। इस दौरान राजन महाराज ने कथा में बैठे अभिभावकों और समाज को जोर देते हुए कहा कि अपने बच्चों को बाल रूप से ही धार्मिक और आध्यात्मिक संस्कार दे। जब बच्चें सीखने लायक हो जाते है तो उन्हें माता-पिता के चरण स्पर्श करना और भजन गाना जरुर सीखाएं। जब भी स्कूल भेजे बच्चों को हनुमान चालीसा का पाठ करा कर भेजें इससे बल, बुद्धि और विद्या की प्राप्ति होती है। उन्होंने पूर्वांचल में प्रचलित आज मिथिला नगरिया निहाल सखियां भजन सुनाया, जिसमें सभी श्रोता समेत सभी अतिथि श्रोता भी भक्ति में झूमने लगे।





### भक्ति में झूमें भक्त

महाराज ने लक्ष्मण और माता सीता के आचरण का बचपन से धार्मिक एवं आध्यात्मिक रुझान का वर्णन किया। उन्होंने बच्चों को बचपन से ही भगवान और भक्ति से जोड़ने की बात कहते हुए कहा कि बच्चों को सुबह स्कूल जाने से पहले हनुमान चालीसा पढ़ाकर ही भेजें। क्योंकि बचपन से जो सिखाया जाता है, वही आचरण बचपन से लेकर बुढ़ापे तक अवश्य चलता रहता है। कथा के दौरान दशरथ राज कुमार नज़र तोहे लग जाएगी भजन पर लोग राम भक्ति में नाचने झूमने लगे।

### यह रहे उपस्थित

मंगलवार की कथा में राम सिता विवाह प्रसंग सुनने मुख्य यजमान विनोद सिंह पत्नी विजयालक्ष्मी सहित विधायक रिकेश सेन पत्नी ऋचा सेन, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष महेश वर्मा, भिलाई नगर निगम उपनेता प्रतिपक्ष दयासिंह, जिला उपाध्यक्ष राम उपकार तिवारी, आचार्य पं संदीप तिवारी, बुद्धन ठाकुर, संजय खंडेलवाल, शिरिष अग्रवाल, निखिलेश शुक्ला, राजेश त्रिपाठी, संगीता प्रशांत पांडे, अरविंद सिंह और समाजसेवी उपस्थित रहे।

### सभी भाइयों का एक ही मंडप में हुआ विवाह

राजन महाराज ने सीता के स्वयंवर में पहुंचे दस हजार राजाओं में कैसे अकेले राम ने धनुष उठाकर प्रत्यंचा चढ़ाई, इसके बाद विवाह और बारात में राम सीता के सभी देवताओं के पहुंचने का प्रसंग सुनाते हुए राम के तीनों भाइयों का विवाह जनक के तीनों पुत्रियों के साथ का वर्णन करते हुए बताया कि लक्ष्मण का विवाह उर्मिला से, भरत का विवाह जनक के छोटे भाई कुशध्वज की पुत्री मांडवी से, शत्रुघ्न का मांडवी कि छोटी बहन श्रुतिकीर्ति से संपन्न हुआ। इसके पश्चात कई दिनों तक बारातियों के मिथिला नगरी में रुकने का वर्णन किया, राजा जनक ने उन्हें भाववश सत्कार करने के लिए रोका था।इस दौरान आज मिथिला नगरिया निहाल सखियां भजनों पर भक्त झूमने लगे।

### राम के दर्शन कर मिथिला वासियों की इच्छाएं समाप्त

मंगलवार को राम कथा की शुरुआत मिथिला नगर से हुई। जहां प्रभु राम और लक्ष्मण अपने गुरु विश्वामित्र के समक्ष इच्छा प्रकट करते है कि वे मिथिला नगर भ्रमण पर जाएंगे। महाराज ने मिथिला की गलियों पर राम लक्ष्मण के पहुंचने के बाद उन्हें देखकर माता सीता की सखियों के आनंद का मनोहारी चित्रण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि मिथिला वासियों की सभी इच्छाएं समाप्त हो गई क्योंकि मनुष्य की कोई भी इच्छा शेष नहीं रह जाती जब वे ईश्वर का दर्शन कर लेते है। राम के पुष्प वाटिका में भेंट के बाद धनुष यज्ञ में पहुंचने का जीवन प्रसंग सुनाया।

## पत्र लेखन कर नारी सूचक गालियों को लेकर दर्ज कराया विरोध, जीता इनाम

**भिलाई।** अखिल भारतीय उत्कृष्ट बहुउद्देशीय संस्था द्वारा राज्य स्तरीय पत्र-लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हिंदी पत्र लेखन के दूसरे साल के आयोजन में पूजा चंद्राकर मौजूद रही।

पत्र लेखन का विषय नारी सूचक गालियों के विरोध में शासन तंत्र को अवगत कराना था। प्रतिभागियों ने जोरदार शब्दों में सरकार को पत्र के माध्यम से बताया कि आए दिन सार्वजनिक स्थलों पर स्त्री सूचक बहुत ही निम्न स्तर की गालियों द्वारा नारी समाज को अपमानित किया जाता हैं। दूर दराज से आये प्रतिभागी, छात्र-छात्राएं, बुजुर्ग, भाई-बहनों ने बढ़ चढ़कर अपने शब्दों और लेखन के माध्यम से नारी सूचक गालियों के विरोध में अपनी आवाज उठाई।



निर्णायक शिक्षाविद् डी. एन. शर्मा और मिथिला खिचरिया ने कहा कि निर्णय देना कठिन था,प्रत्येक प्रतिभागी प्रथम पंक्ति में है। संस्था की अध्यक्ष शानू मोहनन ने कहा कि यदि आज नारी सूचक गालियों का विरोध नहीं किया तो कल हमारी आने वाली पीढ़ी पूछेगी कि हमारे पूर्वजों ने इसकी रोकथाम क्यों नहीं की। प्रतियोगिता में संस्था द्वारा नयनदीप स्कूल की छात्रा सलोनी शुक्ला को अति विशिष्ट पुरस्कार प्रदान किया। पत्र लेखन प्रतियोगिता में प्रथम कैम्प 1 की ललिता पाण्डेय, द्वितीय अधिवक्ता राखी गुप्ता, तीसरे स्थान पर रिसाली ग्रामीण से सुधा गुप्ता रही। सांत्वना पुरस्कार सोनम गुप्ता, बुद्धेश्वर बंजारे सहित सभी प्रतिभागियों को मेडल व प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। सागरिका पाढ़ी, सुरजीत मेहता, उपासना साहू, प्रेम साहू, विजय लक्ष्मी, महेश राव, विवेक प्रकाश शर्मा आदि मौजूद थे।

## ओजोन परत को बचाने चलाना होगा पौधरोपण अभियान, लिया संकल्प



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के उद्यानिकी और पर्यावरण प्रबंधन विभाग द्वारा ओजोन परत संरक्षण दिवस के अवसर पर भिलाई निवास परिसर में पौधारोपण किया गया। पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के वैज्ञानिक डॉ. एमटी करुपियाह मुख्य अतिथि थे।

सीजीएम राजीव पांडेय, जीएम डॉ. एनके जैन, संजय कुमार व उमा कटोच ने भी पौधारोपण कर हरित जागरुकता का संदेश दिया। डॉ. करुपियाह ने कहा कि ओजोन परत पृथ्वी को हानिकारक पराबैंगनी किरणों से बचाती है और इसका संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी है। पौधारोपण, जल संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण के प्रयासों को जीवनशैली का हिस्सा बनाएंइस अवसर पर उद्यानिकी विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक मृदुल गुप्ता, संदीप नायडू, शंकर, राजेश शर्मा आदि विभाग के लोग उपस्थित थे।

## तीन वर्गों में रग्बी प्रतियोगिता का आयोजन, 26 टीमें हुईं शामिल

कॉर्नर न्यूज



**भिलाई।** रग्बी अस्मिता लीग के रोमांचक मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता में तीन वर्गों सीनियर महिला, जूनियर अंडर 18 गर्ल्स और सब जूनियर अंडर 15 गर्ल्स में कुल 26 टीमों की 312 खिलाड़ी शामिल हुईं। पूरे आयोजन में बेटियों का जोश, ऊर्जा और आत्मविश्वास गजब दिखाई दिया। कार्यक्रम में रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन दुर्ग के अध्यक्ष साजन सुधाकरण और सचिव जयप्रकाश गौंडर, अयाज़ अहमद खान सचिव, छत्तीसगढ़ रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन, मेजर सिंह योगासन स्टेट सेक्रेटरी, छत्तीसगढ़, निशि साजन मैत्री विद्या निकेतन, सिंजू एंथोनी, शाहिद सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

## खेल मैदान में 312 खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, मुकाबलों में मनसा कॉलेज रही विजेता और बेमेतरा टीम उपविजेता



### मेडल देकर किया सम्मानित

कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. अजय आर्य ने कहा कि अस्मिता रग्बी लीग बेटियों को समर्पित रहा। इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का जबरदस्त उत्साह दिखाई दिया। जिसमेंसब जूनियर अंडर 15 वर्ग में 9 टीम, 108 खिलाड़ी, जूनियर अंडर 18 गर्ल्स वर्ग 8 टीम 96 खिलाड़ी, सीनियर महिला वर्ग 9 टीम 108 खिलाड़ी मिलाकर 26 टीमों की 312 खिलाड़ी मैदान में उतरीं और खेल- भावना का शानदार परिचय दिया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### यह रही विजेता टीमें

सीनियर महिला वर्ग में विजेता मनसा कॉलेज, उपविजेता बेमेतरा, द्वितीय उपविजेता उमंग रग्बी, जूनियर अंडर 18 गर्ल्स में विजेता उमंग रग्बी उपविजेता बेमेतरा, द्वितीय उपविजेता मैत्री विद्या निकेतन पाटन, सब जूनियर अंडर 15 गर्ल्स विजेता बेमेतरा, उपविजेता उमंग रग्बी, द्वितीय उपविजेता वी.एस.एस.एस. दुर्ग, चंद्रगुप्त चौहान, मारुति नंदन मरकाम, उपाध्यक्ष विनय पीतांबरन, इंद्रजीत सिन्हा, पी.एल. एम. वामशी, राजेश्वर सिंह, साजन जोसेफ सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

## सिटी इवेंट

# सनातन धर्म की रक्षा करने अग्रिम पंक्ति में कार्य करने दिया जोर



**दुर्ग।** अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद् की महत्वपूर्ण बैठक छत्तीसगढ़ी सरयूपारीण भवन, लुचकीपारा में परिषद् के प्रदेश अध्यक्ष पंडित विजय दुबे की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत स्वस्तिवाचन और भगवान परशुराम की आरती और आराधना के साथ की गई। इस दौरान सदस्यों ने समाज की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहने और सनातन धर्म की रक्षा के लिए अग्रिम पंक्ति में कार्य करने पर जोर दिया। बैठक में दुर्ग-भिलाई क्षेत्र में ब्राह्मण समाज को सशक्त करने, नवीन सदस्यों को नियुक्ति पत्र प्रदान करने और ब्राह्मण एकता परिषद् की नई टीम का गठन करने के लिए आयोजित की गई थी। पंडित विजय दुबे के नेतृत्व में नई टीम का गठन किया गया। जिसमें दुर्ग जिला अध्यक्ष पं अभिषेक अवस्थी, दुर्ग जिला संयोजक नारायण शर्मा, अधिवक्ता प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष हरिप्रसाद तिवारी, जिला उपाध्यक्ष अभिषेक द्विवेदी, धर्म-संस्कृति प्रकोष्ठ सत्यम वैष्णव को जिम्मेंदारी दी गई है। इस अवसर पर अभिषेक अवस्थी ने कहा कि वे समाज की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे और सनातन धर्म की रक्षा के लिए अग्रिम पंक्ति में कार्य करेंगे। बैठक में सभी सदस्यों ने अपने विचार और मार्गदर्शन प्रदान किया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष विजय दुबे, धर्म-संस्कृति प्रकोष्ठ अध्यक्ष पंकज तिवारी, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष अमित तिवारी, सुरेन्द्र गौतम शास्त्री, अनुज पांडेय, मनोज दुबे, श्याम तिवारी, अजय मिश्रा, अभिषेक अवस्थी, हरिप्रसाद तिवारी, नारायण शर्मा, सत्यम वैष्णव, अभिषेक द्विवेदी, अनुराग त्रिपाठी, हिमांशु शुक्ला, वैभव तिवारी, अभिषेक धर दुबे, प्रखर दुबे, आनंद तिवारी, मनीष दुबे उपस्थित थे। बैठक का समापन शांति पाठ और हिंदू समाज की उन्नति की प्रार्थना के साथ किया गया।

■ अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद् की बैठक

## सिटी लाइव

# डॉ. आलोक ने 100 किमी की दौड़ 9 घंटे में पूरी की, सम्मानित



**दुर्ग।** भसीन स्पोर्ट्स द्वारा बैंगलोर के पास मरसांद्रा के जंगल में अल्ट्रा मैराथन का आयोजन किया गया। जिसमें दुर्ग के डॉक्टर आलोक दीक्षित प्रतिभागी बने थे। दौड़ में लगभग 200 प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। दौड़ में अलग-अलग दुरियों के लिए कैटेगरी निर्धारित की गई थी। इस दौड़ में दुर्ग के प्रसिद्ध त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. आलोक दीक्षित ने 100 किलोमीटर की दौड़ में हिस्सा लिया। उन्होंने यह दौड़ कट ऑफ समय से 9 घंटे पहले खत्म की और विजेता बने। डॉ. दीक्षित इसके पहले भी कई मैराथन व अल्ट्रा मैराथन में भाग ले चुके हैं । उन्होंने 42.2 किलोमीटर की 10 से अधिक दौड़ पूरी की हैं। इसके अलावा अल्ट्रा मैराथन में 45 ,50 ,63 , 80 किलोमीटर की कई दौड़ें भी पूरी कर चुके हैं। डॉ. आलोक दीक्षित ची रनिंग के सर्टिफाइड ट्रेनर भी हैं। बेंगलोर में आयोजित अल्ट्रा मैराथन दौड़ मैं उपलब्धि हासिल करने के लिए डॉ. दीक्षित को बधाई दी गई है।

■ डॉ. दीक्षित कई अल्ट्रा मैराथन में रह चुके विजेता

## एजुकेशन इवेंट

# अंकिता देशमुख को पीएचडी, पं. शुक्ल यूनिर्वसिटी में किया शोध



**भिलाई।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा भिलाई की अंकिता देशमुख को वाणिज्य संकाय के अंतर्गत पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। उनके शोध का विषय, ए क्रिटिकल स्टडी ऑफ वेरियस एंप्लायमेंट स्कीम फॉर वुमेन इन दुर्ग डिविजन ऑफ छत्तीसगढ़ था। उन्होंने अपना शोध कार्य महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज रायपुर की प्राध्यापिका डॉ. प्राची के निर्देशन में पूर्ण किया। शोध के दौरान उन्होंने दुर्ग संभाग के बालोद, बेमेतरा, दुर्ग, राजनांदगांव एवं कवर्धा जिले की महिला समूहों एवं संगठनों से जुड़ी महिलाओं से संपर्क कर जानकारी अर्जित की। बाह्य परीक्षक के रुप में विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन मध्यप्रदेश के डीन ऑफ कॉमर्स डॉ.शैलेन्द्र कुमार भरल थे। पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय देवकर में कॉमर्स लेक्चरर के रूप में कार्यरत अंकिता, पत्रकार सहदेव देशमुख और शासकीय हाईस्कूल झाड़मोखली पाटन में लेक्चरर संस्कृत डॉ. सत्यभामा देशमुख की पुत्री हैं।

## भिलाई निवास में अभा कवि सम्मलेन आज

**भिलाई।** भिलाई इस्पात सयंत्र के क्रीडा, सांस्कृतिक व नागरिक सुविधाएँ एवं राजभाषा विभाग के तत्वावधान में विश्वकर्मा पूजा पर भिलाई निवास के बहुउद्देशीय सभागार में बुधवार को अखिल भारतीय हास्य व्यंग्य कवि सम्मलेन का आयोजन शाम 7:30 बजे से किया गया है। कवि सम्मेलन में अनिल अग्रवंशी दिल्ली, कवयित्री शशि सुरेन्द्र दुबे रायुपर, हास्य व्यंग्य कवि सरिता शर्मा दिल्ली और सरदार मंजीत सिंह फरीदाबाद कविताएं सुनाएंगे।

## ● भिलाई महिला महाविद्यालय में एलुमनी मीट रूट एवं विंग्स 2025 का आयोजन

# ओम शांति ओम पर दी शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति, एलुमनी मीट में साझा किए पुराने दिन, स्टूडेंट का किया मार्गदर्शन



*भिलाई महिला महाविद्यालय का एलुमनी मीट रूट एंड विंग्स 2025 का आयोजन मंगलवार को कॉलेज ऑडिटोरियम में ऊर्जा और उमंग के साथ आयोजित किया गया। जिसने बी एम एम महाविद्यालय के पूर्व और वर्तमान सदस्यों ने एक साथ एक मंच पर यादों को संजोया। इस अवसर पर महाविद्यालय की वर्तमान और पूर्व छात्राओं ने शास्त्रीय नृत्यो के साथ फिल्मी गानों पर भी शानदार प्रस्तुति देकर अतिथियों और दर्शकों का मंत्र मुग्ध कर दिया।*





### सरोज ने कहा- राजनीतिक जीवन की शुरुआत महिला कॉलेज से की

मुख्य अतिथि महाविद्यालय की पूर्व छात्रा डॉ सरोज पांडे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपने गुरुओं को नमन से करते हुए बताया कि भिलाई महिला महाविद्यालय से ही अपने राजनीतिक जीवन की नींव रखी थी। यहां जिन मूल्यों ने उन्हें सार्वजनिक जीवन में कदम उठाने और समाज की सेवा करने का साहस दिया। प्रबंध ट्रस्टी विजय कुमार गुप्ता ने कहा कि महाविद्यालय की छात्राएं न केवल स्वयं का उत्थान और भविष्य का निर्माण करें बल्कि ये महिला शिक्षा को बढ़ावा देने में प्रेरक की भूमिका सकुशल निभाये। के के पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह संस्थान केवल एकेडमिक ज्ञान ही नहीं बल्कि बी एम एम में अनुशासन और मानवता के मूल्य में भी ऊंचाइयों तक पहुंचने में मदद की है। निगार अहमद वाइस प्रेसिडेंट एल्युमिनियम सेल बीएमएम बैच 1984 ने कहा कि इस कॉलेज में उन्हें बहुत कुछ सिखाया है। इस दौरान छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी। वर्तमान और पूर्व छात्राओं ने सोलो और ग्रुप डांस का शानदार प्रदर्शन किया। इस दौरान डॉ. दीप्ति चौहान, डॉ. अर्चना शरण, साधना गुप्ता आदि मौजूद थे।

### एलुमनाई संस्थान की ताकत

कार्यक्रम की शुरुआत भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडे, विधायक रिकेश सेन, कालेज की प्राचार्या प्रतिभा छाया क्लॉडियस सहित सभी अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन और दीप प्रज्वलन कर की गई। उप प्राचार्या डॉ. आशारानी दास ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। प्राचार्य प्रतिभा छाया क्लॉडियस महाविद्यालय की स्थापना 1979 के बाद से भिलाई महिला महाविद्यालय की यात्रा बताते हुए कहा कि महिला कॉलेज क्षेत्र में महिलाओं के सशक्तिकरण का एक प्रकाश स्तंभ रहा है साथ ही एलुमनाई हमारे संस्थान की असली ताकत है, जो हमारे संस्थान के मूल्यों और प्रतिष्ठा को दुनिया भर में आगे बढ़ाते हैं। उन्होंने बताया कि एक समय ऐसा था जब महिलाओं के लिए अलग कॉलेज नही हुआ करते थे पर आज उन्होंने बी एम एम को मील का पत्थर बताया। कार्यक्रम में उपस्थित विधायक रिकेश सेन ने बताया कि जब महाविद्यालय में प्रवेश किया तो उनको दिवाली जैसा उत्सव लगा। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय ने शुरू से आज तक अपनी अपनी पहचान नहीं खोई है। उन्होंने आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं के लिए भी कुछ काम करने और महाविद्यालय को संवारने की बात कही।

## प्रश्न मंच प्रतियोगिता

# ज्ञान की जलाओ लाइट, जीवन बनेगा ब्राइट, प्रश्नमंच में 36 टीमों ने लिया हिस्सा





**दुर्ग।** ज्ञान की जलाओ लाइट जीवन बनेगा ब्राइट प्रश्न मंच में 36 टीमों ने भाग लिया। 200 से अधिक प्रश्नों से सजा प्रश्न मंच सामाजिक, धार्मिक, व्यवहारिक ज्ञान की प्रश्न पूछे गए साध्वी विचक्षणा श्रीजी, सुप्रज्ञपति का प्रश्न मंच के संयोजन एवं संचालन में विशेष मागदशन योगदान रहा। इस प्रश्न मंच प्रतियोगिता को लेकर पिछले एक माह से पलक श्रीश्रीमाल ने पुरुषार्थ किया। आचार्य सम्राट ध्यान योगी शिव गणेश महाराज के 84 वें जन्म महोत्सव के अवसर पर जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब में हर्ष और उल्लास के वातावरण में 36 ग्रुप में 144 प्रतियोगियो ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने दुर्ग, रायपुर, राजनांदगांव, कांकेर, धमतरी, कवर्धा, दल्लीराजहरा, कोंडागांव, गुंडरदेही, थान खमरिया, चरोदा, भिलाई 3, डोगरगांव, सिकोसा, कलगपुर, डौंडी लोहारा भिलाई, दुर्ग से सर्वाधिक टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर दल्ली राजहरा की टीम रही। जिसमें चंदनबाला टाटिया, वंदना गोलछा, राहुल जैन, शोभा जैन शामिल थे। द्वितीय स्थान पर गुण्डरदेही की टीम रही, जिनमें हर्ष देशलहरा, जया देशलहरा, डिंपल देशलहरा, अदिति देशलहरा थे। तृतीय स्थान पर भिलाई तीन की टीम रही, जिसमें साक्षी देशलहरा, सोनल देशलहरा, सम्यक देशलहरा, ख्याति देशलहरा शामिल थे। ज्ञान की चलाओ लाइट जीवन बनेगा ब्राइट विषय पर आयोजित धार्मिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में वेदिका सुराणा, तेजल कटारिया, ऋषिका गुलेक्षा, पूर्वी बाया, रशमी कांकरिया का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन संघ के पूर्व मंत्री टीकम छाजेड़ ने किया।

## प्रतीक चिन्ह भेंटकर किया सम्मानित

# अग्रसेन जयंती समारोह का दीप प्रज्वलन कर आगाज, पूर्व अध्यक्षों का किया सम्मान




**दुर्ग।** अग्रवाल समाज के अग्रसेन जयंती समारोह की शुरुआत मंगलवार को हुई। पहले दिन दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रमों का आगाज किया गया। इसके बाद समाज के पूर्व अध्यक्षों को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने बताया कि अग्रसेन जयंती समारोह का शुभारंभ हो चुका है। अग्रवाल महिला मंडल की सरिता गोयल ने कहा कि समाज के सभी बुजुर्ग हमारी अमूल्य धरोहर हैं। कार्यक्रम शुभारंभ के अवसर पर पूरे समाज में उत्साह की लहर थी। अनिता अग्रवाल एवं सरोज अग्रवाल एवं महिला टीम ने अपने आराध्य अग्रसेन की सुंदर आरती प्रस्तुत की। अग्रवाल यूथ क्लब एवं युवा मंडल ने अग्रसेन चौक पर स्थित अग्रसेन की मूर्ति के समक्ष पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया। अग्रवाल युवा मंडल के अध्यक्ष हिमांशु अग्रवाल ने बताया कि युवाओं एवं बच्चों के लिए मेमोरी गेम, ग्लास बॉल गेम, पिट्ठुल, स्लो साइकिल रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिताओं में समाज के लगभग 110 बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन दीपक बंसल एवं आभार प्रदर्शन महासचिव ललित सक्सेरिया ने किया। इस अवसर पर समाज के प्रेम अग्रवाल, पंकज कीर्तुके, विमल राजगढ़िया, मनोज अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, विनीत खेतान, दिनेश अग्रवाल, अध्यक्ष अनूप अग्रवाल, महिला मंडल की निर्मला बंसल, मंजू अग्रवाल, संगीता राजगढ़िया, संजना पोद्दार, प्रीति राजगढ़िया, उपस्थित थे।

**युवाओं एवं बच्चों के लिए हुई खेल प्रतियोगिता**

## एसएनजी विद्या भवन में स्व. मुकेश चंद्र माथुर की 49 वीं पुण्यतिथि पर स्वर साधना

# याद ए मुकेश में सुरों की दुनिया में डूबे श्रोता, 35 यादगार गीतों से सजाई गई शाम, फिल्मी गानों की दी प्रस्तुति

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** स्व. मुकेश चंद्र माथुर की 49वीं पुण्यतिथि पर एसएनजी विद्या भवन, सेक्टर-4 में याद ए मुकेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुकेश की लोकप्रिय 35 गीतों की प्रस्तुति दी गई, जिसे सुनकर दर्शक देर रात डेढ़ बजे तक झूमते रहे। कार्यक्रम में दुर्ग लोकसभा से सांसद विजय बघेल, विधायक रिकेश सेन, कैलाश बरमेचा उपस्थित हुए।



### भिलाई के कलाकारों ने संगीत से सजाई यादें, दिवंगत मुकेश के सम्मान में गाए गाने

कार्यक्रम में यश यदु की म्यूजिकल टीम ने स्व. मुकेश के 35 लोकप्रिय गीतों को मधुर संगीत के साथ प्रस्तुत किया। 13 पुरुष और 5 महिला गायकों ने अपनी आवाज से मंच को जीवंत बना दिया। एंथोनी फ्रांसिस, दीपेंद्र हालदार, सजीव सुधाकरण, उमेश विश्वकर्मा, मोहम्मद रफीक, रियाज अहमद, अनुज राउतकर, रमेश दत्त पांडे, जाहिद अली, विलास राउलकर, संदीप वाघमारे, ज्योति कश्यप, नीतू गोस्वामी, गीता सिंह, कांटा पटेल और पीयूष मनहरे जैसे कलाकारों ने श्रोताओं को गीतों की यादों में डुबो दिया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने भी दो गीतों की प्रस्तुति दी, जिन्हें श्रोताओं ने तालियों से सराहा और उत्साह बढ़ाया।

### सम्मान और श्रद्धांजलि

इस अवसर पर स्व. धीरज, स्व. शेफाली जरीवाला और मनोज कुमार को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही समाज सेवा और चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। कुपोषण से जूझ रहे बच्चों के उत्थान में निरंतर संघर्षरत तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता और चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए डा. एस. ए. रिज़वी को सम्मानित किया गया। सांसद विजय बघेल ने अपने संबोधन में कहा कि संगीत ऐसा माध्यम है जो दुश्मनी, तनाव और जीवन की कठिनाइयों को भूलकर लोगों को जोड़ता है। उन्होंने कहा, हमें अपने जीवन में संगीत को अपनाना चाहिए। कोरोना काल में देशभर के लोगों ने संगीत के जरिए ही मानसिक संतुलन और उत्साह पाया। संगीत आत्मा को जोड़ने वाली शक्ति है। विधायक रिकेश ने भिलाई में आडिटोरियम की कमी का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र में 21 करोड़ रुपये की लागत से एक आधुनिक आडिटोरियम का निर्माण जल्द शुरू होगा, जिससे भिलाई के लोगों को विभिन्न सांस्कृतिक आयोजनों के लिए बेहतरीन मंच मिलेगा। कार्यक्रम का संचालन अलवीरा खान ने किया। इस अवसर पर समिति से बी. डी. निजामी, पूर्णिमा शुक्ला, बंटी जलाराम, रवि वटाने, सुनील दहिया, राजेंद्र पाटिल, राजेश बंजारी, अनिल राउतकर, जाहिद अली, रमेश दत्त पांडे, प्रीति सरू, रमजान खान, डा. शैलेन्द्र श्रीवास्तव, रमेश श्रीवास्तव, विपिन बंसल, राम भगत अग्रवाल, चिरंजीव जैन, बंटी जलाराम, दीपेंद्र हालदार, संतोष मिश्रा, कवर्धा से अविनाश ठाकुर सहित कई संगीत प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### शह और मात के खेल में छा गए उभरते हुए खिलाड़ी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के तत्वावधान में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य लिटिल मास्टर शतरंज टूर्नामेंट एवं छत्तीसगढ़ ब्लिट्ज टूर्नामेंट (ग्रैंड मास्टर प्रवीण थिप्से सर ट्रॉफी) का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह अंबुजा मॉल रायपुर में सम्पन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि विक्रम सिंह सिसोदिया (सभापति के सचिव एवं ओलंपिक संघ के महासचिव) रहे। इस अवसर पर भारत के तीसरे ग्रैंड मास्टर, अर्जुन अवार्डी एवं अनेक बार नेशनल चैंपियन प्रवीण थिप्से, संघ के अध्यक्ष राघवेन्द्र सिंघानिया ( अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य शतरंज एसोसिएशन और उपाध्यक्ष एआईसीएफ), महासचिव बी.के. राठी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एम. चंद्रशेखर, छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला फीडे मास्टर एवं ब्रांड एंबेसडर किरण अग्रवाल, संयुक्त सचिव आनंद अवधिया, रवि कुमार, रोहित यादव और परेश की गरिमामयी उपस्थिति रही। विभिन्न वर्गों के विजेताओं में अंडर-7 गर्ल्स विजेता –श्रिनिका रेड्डी गोलुगुरी (रायपुर), उपविजेता – श्रेष्ठा भारद्वाज अंडर-7 बॉयज़ : विजेता – प्रज्वल पांडेय, उपविजेता – वियां पुंढीर अंडर-9 गर्ल्स : विजेता – धन्वी मिश्रा, उपविजेता – मयूरिका मन्या अंडर-9 बॉयज़ : विजेता – अपुर्व भार्गव, उपविजेता – वेदांश यादव अंडर-11 गर्ल्स : विजेता – निष्ठा त्रिपाठी, उपविजेता – अयोना उपाध्याय अंडर-11 बॉयज़ : विजेता – अक्ष मिन्ज, उपविजेता – निशांत साहू अंडर-13 गर्ल्स : विजेता – परीधि लिल्हारे, उपविजेता – अद्विका पांडेय अंडर-13 बॉयज़ : विजेता – अक्ष चोपड़ा, उपविजेता – शौर्य चिमनानी अंडर-15 गर्ल्स : विजेता – याशिका बजाज, उपविजेता – पिहू जांगड़े अंडर-15 बॉयज़ : विजेता – लक्ष्य गुप्ता, उपविजेता – दिवांशु वर्मा ब्लिट्ज टूर्नामेंट प्रथम– स्पर्श खंडेलवाल द्वितीय – यश सिंह तृतीय– गगन साहू बेस्ट स्कूल अवार्ड राजकुमार कॉलेज, रायपुर दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), रायपुर, ब्रिटेन स्कूल, रायपुर रहे। आयोजन समिति ने इस टूर्नामेंट की शानदार सफलता के लिए आनंद अवधिया जी, श्री रवि कुमार, रोहित यादव और परेश,आर्बिटर टीम में अनीस व अन्य सभी आ आभार व्यक्त किया है। यह जानकारी छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के सह सचिव विकास शर्मा ने दी।

### मध्यप्रदेश के विरुद्ध छत्तीसगढ़ के आशीष ने लिए तीन विकेट



**रायपुर।** कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा डॉ. के थिम्मापीयाह मेमोरियल आमंत्रण क्रिकेट टुर्नामेंट 2025-26 का आयोजन 04 सितंबर से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की सीनियर टीम का तीसरा मैच (15 - 18 सितंबर) बैगलुरु, कर्नाटक में मध्य प्रदेश के विरुद्ध खेला गया। दूसरे दिन मध्य प्रदेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले दिन से आगे खेलते हुये मध्य प्रदेश ने अपनी पहली पारी में 92.4 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 276 रन बनाये। मध्य प्रदेश की ओर से अरशद खान ने सर्वाधिक 54 रन बनाये। उनके अतिरिक्त हर्षित यादव ने 53 रन तथा हर्ष गवली ने 50 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ की ओर से आशीष चौहान ने 3 विकेट, रवि किरण, शशांक तिवारी तथा शाहबान खान ने 2-2 विकेट प्राप्त किए। दूसरे दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ ने अपनी पहली पारी में 81 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 245 रन बना लिये हैं। छत्तीसगढ़ की ओर से शशांक चंद्राकर ने सर्वाधिक 74 नाबाद रन बनाये। उनके अतिरिक्त ऋषभ तिवारी ने 68 रन तथा आशुतोष सिंह ने 54 रनों का योगदान दिया। मध्य प्रदेश की ओर से अरशद खान ने 3 विकेट, अधीर प्रताप सिंह तथा सागर सोलंकी ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। दूसरे दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ 31 रनों से पीछे है।

### चुनी गई बीसीए की टीम



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित की जाने वाली अंडर-16 अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) की टीम भी भाग लेगी। बीसीए टीम के गठन हेतु एक चयन स्पर्धा का आयोजन 14 सितंबर को कल्याण कॉलेज स्थित इंडोर पिच में किया गया। इस चयन स्पर्धा में 51 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें से 25 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। इन चयनित खिलाड़ियों का ट्रेनिंग कैंप, सिलेक्शन मैच कराया जाएगा जिसमें प्रदर्शन के आधार पर 20 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा जो की अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस चयन स्पर्धा के कोऑर्डिनेटर प्रशांत कुमार भारद्वाज थे यह जानकारी भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव भास्कर गोस्वामी ने दी है।

## गुस्से की अधिकता करती है आपका नुकसान, तनाव रहित रहने की आदत डालिए

# तन और मन दोनों के लिए नुकसानदेह है गुस्सा, काबू पाने करें योगासन और मुक्त हो जाएं अवसाद व निराशा से

गुस्सा सामान्य स्वाभाविक प्रतिक्रिया है, जो मनमुताबिक चीजों के खिलाफ निकलता है। हालांकि कुछ लोगों को छोटी-छोटी बातों पर, या बार-बार गुस्सा आता है। कई बार उनका गुस्सा इतना अधिक होता है, जो गंभीर रूप ले लेता है। अधिक गुस्सा आने की समस्या मूड और स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। क्रोध को नियंत्रित न कर पाने से काम और निजी संबंधों पर प्रभाव पड़ता है। क्रोध व्यक्ति के सामाजिक और व्यवहारिक जीवन में भी कई तरह की समस्याओं को उत्पन्न कर सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक, क्रोध की समस्या से परेशान लोगों को जीवनशैली में योगासनों को शामिल करना चाहिए। योग न सिर्फ मन को शांत व स्थिर करने में मदद करता है, गुस्से की भावना को कम करने में भी मददगार मिलती है। यहां आपको क्रोध, कुंठा और अवसाद की समस्या को दूर करने के लिए कुछ योगासनों के बारे में बताया जा रहा है।



### बालासन या चाइल्ड पोज

बालासन के अभ्यास की आदत मन को शांत करने में काफी मददगार मानी जाती है। भावनाओं को नियंत्रित करके नकारात्मकता को काबू करने और मन-शरीर के संबंध में भी सुधार के लिए बालासन के अभ्यास की आदत डालें। बालासन के अभ्यास से गुस्से को कंट्रोल किया जा सकता है। पीठ व पेट की मांसपेशियों के लिए भी यह योगासन फायदेमंद है।

### मत्स्यासन योग

क्रोध को नियंत्रित करने और मन को शांत रखने के लिए मत्स्यासन का अभ्यास करें। इस आसन से तनाव दूर होता है और सिर में रक्त परिसंचरण में सुधार करने में सहायक है। भावनात्मक समस्याओं को कम करने और क्रोध की भावनाओं को नियंत्रित रखने के लिए यह योग असरदार है।

### उष्ट्रासन योग

स्ट्रेस को दूर करने और मन को शांत रखने के लिए उष्ट्रासन योग बेहतर आसन माता जाता है। इस आसन के अभ्यास से शरीर में ऑक्सीजन की कमी भी दूर होती है। गुस्से को शांत रखने, तनाव कम करने के साथ ही डायबिटीज के मरीजों के लिए भी यह योग फायदेमंद माना जाता है। कंधे और पीठ दर्द से भी राहत मिलता है।गुस्से पर काबू पाने के लिए करें इन योगासनों का अभ्यास, अवसाद व निराशा भी होगी दूर।

### क्रोध और कुंठा से मुक्ति के लिए योग

गुस्सा सामान्य स्वाभाविक प्रतिक्रिया है, जो मनमुताबिक चीजों के खिलाफ निकलता है। हालांकि कुछ लोगों को छोटी-छोटी बातों पर, या बार-बार गुस्सा आता है। कई बार उनका गुस्सा इतना अधिक होता है, जो गंभीर रूप ले लेता है। अधिक गुस्सा आने की समस्या मूड और स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल



प्रभाव डाल सकती है। क्रोध को नियंत्रित न कर पाने से काम और निजी संबंधों पर प्रभाव पड़ता है। क्रोध व्यक्ति के सामाजिक और व्यवहारिक जीवन में भी कई तरह की समस्याओं को उत्पन्न कर सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक, क्रोध की समस्या से परेशान लोगों को जीवनशैली में योगासनों को शामिल करना चाहिए। योग न सिर्फ मन को शांत व स्थिर करने में मदद करता है, गुस्से की भावना को कम करने में भी मददगार मिलती है।



# समा चावल की रेसिपी है बड़े काम की



समा चावल एक प्रसिद्ध व्रत का भोजन है, जिसे व्रती लोगों के लिए बनाया जाता है। यह ग्लूटेन-फ्री होता है और एक स्वादिष्ट विकल्प है। नीचे कुछ पसंदीदा समा चावल रेसिपीज दी गई है, इसे व्रत रखने वालों के लिए बनाएं और स्वादिष्ट चटनी और दही के साथ इसका आनंद लें।

### समा चावल खिचड़ी

समा चावल को धोकर 15-20 मिनट तक भिगो दें। एक पैन में घी गरम करें और उसमें सब्जियां डालें। अब समा चावल को सब्जियों में डालकर पकाएं। उसमें पानी डालकर साधारण बर्तन में पकाने के अलावा कुकर में भी पका सकती हैं। पकाने के बाद खिचड़ी में दही डालकर अच्छी तरह मिलाएं और खाने के लिए सर्व करें।

### समा चावल उपमा

समा चावल को धोकर 15-20 मिनट तक भिगो दें। एक पैन में तेल गरम करें और उसमें शिमला मिर्च, टमाटर और गाजर जैसी अन्य सब्जियां डालें और उन्हें अच्छी तरह से पकाएं। अब समा चावल, पानी और नमक डालें। उपमा को अच्छी तरह से पकने तक गर्म करें। आपकी समा चावल उपमा तैयार है। इसे दही और चटनी (दही खाने के फायदे) के साथ परोसें।

### समा चावल इडली

समा चावल को धोकर आधे घंटे के लिए पानी में भिगो दें। फिर उसे छानकर नमक और पानी मिलाकर पीस लें ताकि आटा बन जाए। आलू को मुलायम होने तक उबालें और उन्हें मैश कर लें। अब एक बड़े पतीले में समा चावल का आटा, मैश किया हुआ आलू (आलू रेसिपीज), दही, कटी हुई हरी मिर्च, अदरक की पेस्ट, खीरा और नमक डालकर अच्छी तरह मिला लें। ध्यान दें कि जरुरत के अनुसार पानी और दही डालें। इडली बैटर तैयार है, इसे सांचे में डालकर 15-20 मिनट के लिए स्टीम में पकाएं। गरमा गरम समा चावल इडली को नारियल चटनी या सांभर के साथ परोसें और आनंद लें। आप इसे व्रत के दौरान यह समा चावल इडली का आनंद ले सकते हैं।


## बची हुई इडली से बना सकती हैं क्रिस्पी पकौड़े

कई बार ऐसा होता है कि इडली बच जाती है और दोबारा इसे खाने का मन नहीं करता। ऐसे में इडली को फेंके नहीं, बल्कि कुछ मजेदार ट्राई करें। आप बची हुई इडली से क्रिस्पी पकौड़े तैयार कर सकते हैं। पकौड़े बनाना बहुत ही आसान है बस आपको नीचे बताए गए टिप्स to फॉलो करना होगा।

**विधि :** सबसे पहले 1 इडली के 4 टुकड़े कर लें। साथ ही, ऊपर बताई गई सभी सामग्री को तैयार करके रख लें। अब एक बाउल में 4 चम्मच मैदा, 4 चम्मच बेसन, स्वादानुसार



नमक, 1 चम्मच लाल मिर्च पाउडर और 3 हरी मिर्च काट लें। फिर धीरे-धीरे पानी डालकर बैटर तैयार कर लें। इस बात का ध्यान रखें कि बैटर ज्यादा पतला ना हो और 5 मिनट तक घोल को ढककर रख दें। इस दौरान एक कड़ाही में तेल गर्म करने के लिए रख दें। जब तेल गर्म हो जाए, तो बैटर में इडली डालकर फ्राई कर लें। इसी तरीके से हम सारी इडली को घोल में डालकर दोनों तरफ से फ्राई कर लेंग। इस दौरान आंच तेज रखनी है, वर्ना इडली क्रिस्पी (पनीर से बनती है 15 मिनट में इडली) नहीं होंगी। फ्राई करने के बाद इडली को एक बाउल में निकालें और गरम-गरम अपने पसंद की चटनी के साथ सर्व करें।



## ठंडे पानी से नहाने के फायदे हैं या नुकसान, यह समझना जरूरी

कई लोगों का कहना है कि ठंडे पानी से नहाने से रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है। इम्यूनिटी को मजबूत बनाने में ठंडे पानी का क्या असर है और यह किस हद तक सच है, इस लेख में विस्तृत जानकारी दी गई है। ठंडे पानी से नहाना कई संस्कृतियों और परंपराओं में स्वस्थ जीवनशैली का हिस्सा माना जाता है। यह न केवल शरीर को तरोताजा करता है, बल्कि मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव डालता है। हालांकि, ठंडे पानी से नहाने के फायदे और नुकसान दोनों हैं, और इसे अपनाने से पहले इन के बारे में जानना महत्वपूर्ण है।

कई बार सेलेब्स को आइस वाटर से नहाते या आइसिंग करते देखा जाता है। विद्युत जामवाल से लेकर रकुल प्रीत तक का वीडियो सामने आ चुका है। कई लोगों का कहना है कि ठंडे पानी से नहाने से रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है। इम्यूनिटी को मजबूत बनाने में ठंडे पानी का क्या असर है और यह किस हद तक सच है, आपके लिए खास जानकारी दी गई है।

### मेटाबॉलिज्म को बढ़ावा देना



ठंडे पानी से नहाने से मेटाबॉलिज्म की दर बढ़ जाती है, जिससे शरीर में ऊर्जा की खपत बढ़ती है और वजन घटाने में सहायता मिलती है। ठंडे पानी से नहाने के दौरान शरीर को अपना सामान्य तापमान बनाए रखने के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ती है, जिससे कैलोरी बर्न होती है।

### मानसिक स्वास्थ्य में सुधार

ठंडे पानी से नहाने से मानसिक ताजगी मिलती है और स्ट्रेस और डिप्रेशन को कम करने में मदद मिलती है। ठंडे पानी के शॉक से शरीर में एंडोर्फिन नामक हार्मोन रिलीज होता है, जो मूड को बेहतर बनाता है।

### त्वचा और बालों के लिए लाभकारी

ठंडे पानी से नहाने से त्वचा में नमी बनी रहती है और पोर्स बंद हो जाते हैं, जिससे त्वचा कोमल और मुलायम रहती है। यह बालों के लिए भी अच्छा होता है, क्योंकि यह बालों की जड़ों को मजबूत करता है और उन्हें चमकदार बनाता है।

### ब्लड सर्कुलेशन में सुधार

ठंडे पानी से नहाने से रक्त परिसंचरण में सुधार होता है, जिससे हृदय को स्वस्थ बनाए रखने में मदद मिलती है। यह रक्तचाप को भी नियंत्रित करने में सहायक हो सकता है।

### ठंडे पानी से नहाने के नुकसान

फायदे के साथ ही ठंडे पानी से स्नान के कुछ नुकसान भी हो सकते हैं। जैसे बहुत अधिक ठंडे पानी से नहाने से हाइपोथर्मिया (शरीर का तापमान सामान्य से कम हो जाना) का खतरा हो सकता है। इससे मांसपेशियों में खिंचाव आ सकता है। वहीं कुछ लोगों में संवेदनशीलता बढ़ सकती है, जिससे जुकाम, खांसी या सर्दी के लक्षण उभर सकते हैं।



**कार्नर न्यूज**

## छठवीं राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता का भव्य समापन, सांसद बघेल सहित कई विशिष्ट अतिथि हुए शामिल

# राष्ट्रीय योगासन में महाराष्ट्र को ओवरऑल चैम्पियनशिप, हरियाणा दूसरे पायदान पर

**भिलाई।** छठवीं राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता में ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब महाराष्ट्र ने जीता। हरियाणा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया जबकि मध्य प्रदेश तीसरे स्थान पर रहा। अग्रसेन भवन सेक्टर-6, भिलाई में रविवार 14 सितंबर की शाम आयोजित समापन समारोह में विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग लोकसभा, ललित चंद्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण,अलका बाघमार महापौर दुर्ग और सत्यनारायण राठौर संभाग आयुक्त दुर्ग ने ट्रॉफी,पदक और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। चार दिवसीय इस राष्ट्रीय आयोजन में देशभर के 32 राज्यों से लगभग 1000 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और अपनी अद्भुत योग प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त लगभग 100 की संख्या में जज,तकनीकी टीम व छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के लगभग 150 सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।

मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा – योग न केवल प्रतियोगिता का माध्यम है, बल्कि यह स्वस्थ,अनुशासित और संतुलित जीवनशैली अपनाने का सबसे प्रभावी साधन है। राष्ट्रीय स्तर पर ऐसे आयोजन युवाओं को प्रेरित करते हैं और भारत की प्राचीन योग परंपरा को वैश्विक पहचान दिलाते हैं। समापन समारोह में योगासन भारत के अध्यक्ष उदित सेठ योगासन भारत, संजय मालपानी एशियन योगासन,रचित कौशिक कोषाध्यक्ष योगासन भारत, श्रेयस मार्कण्डेय टी.एस.आर.,उत्पल दत्त कंपटीशन डायरेक्टर व योगासन भारत के कार्यकारिणी सदस्यों ने गोस्वामी जयंत विष्णु भारती अध्यक्ष,अनूप बंसल सरंक्षक व डॉ.मेजर सिंह को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन गोस्वामी जयंत विष्णु भारती,छत्तीसगढ़ी योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन शैलेंद्र विशी, ज्वाइंट डायरेक्टर छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने प्रस्तुत किया। समापन अवसर पर खिलेंद्र साहू, भोजेंद्र साहू, डीके देवांगन, धीरेन्द्र वर्मा, तनिश दास, मिथलेश वर्मा,नरेंद्र पटेल, सुमन भारती, मधुस्मिता पंडा, नीतू गुप्ता, सुधा सोनी, तिजऊ साहू, शंभु कुशवाहा, बलवंत सिंह, ओमप्रकाश देवांगन, मेघेश सोनी आदि सदस्य उपस्थित थे।




### अंतरराष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता में मिलेगा अवसर

आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता में चयनित उत्कृष्ट खिलाड़ियों को आगामी अंतर्राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। इस प्रतियोगिता में अंतिम दिन विभिन्न वर्ग में हुए मुकाबलों में परंपरागत योगासन पुरुष सीनियर 'अ' वर्ग में उत्तराखंड के समीर गवाली को स्वर्ण पदक मिला। इसी वर्ग में गुजरात के शियाल कृष्णा भाई को रजत और ऑल इंडिया पुलिस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड (एआईपीएससीबी) के कृष्ण कुमार को कांस्य पदक मिला। पुरुष सीनियर वर्ग में उत्तराखंड के अग्नि ओझा को स्वर्ण, कर्नाटक के संजू मत्यप्पा घोड़ागिरी को रजत और पश्चिम बंगाल के अभय बर्मन को कांस्य पदक मिला। वहीं फारवर्ड बैंड एकल पुरूष सीनियर 'अ वर्ग में गुजरात के शियाल कृष्णा भाई को स्वर्ण, मध्य प्रदेश के रवि कुमार को रजत और राजस्थान के रमेश चंद्र जानी को कांस्य पदक मिला। फारवर्ड बैंड एकल महिला सीनियर 'अ' वर्ग में मध्य प्रदेश की आरती पाल को स्वर्ण, महाराष्ट्र की सोनाली खरमाते को रजत और गुजरात की हिना राजगुरु को कांस्य पदक मिला।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## ‘द फैंटेस्टिक 4’ और ‘एवेंजर्सः डूम्सडे’का रिश्ता चर्चा में, रूसो ब्रदर्स की पोस्ट ने बढ़ाई उत्सुकता



मार्वल स्टूडियो की आगामी फिल्म ‘एवेंजर्सः डूम्सडे’ को लेकर लोगों में उत्साह है। अब रूसो ब्रदर्स की ताजा पोस्ट ने फिल्म को लेकर लोगों का उत्साह और भी बढ़ा दिया है। मार्वल स्टूडियोज की आगामी फिल्म ‘एवेंजर्सः डूम्सडे’ मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की अगली फिल्म है। मार्वल की बाकी फिल्मों की तरह इस फिल्म को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं और बेसब्री से फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। इस बीच अब रूसो ब्रदर्स ने सोशल मीडिया पर एक धुंधली तस्वीर साझा की है। इसके बाद इस फिल्म को लेकर फैंस का उत्साह और भी बढ़ गया है। अब लोग अपने-अपने कयास लगा रहे हैं। रूसो ब्रदर्स ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक धुंधली तस्वीर शेयर की। यह तस्वीर एक ब्लैकबोर्ड की जूम की हुई तस्वीर जैसी लग रही है। इसके साथ कैप्शन में लिखा है, ‘डूम्सडे इज कमिंग’। अब इस तस्वीर के सामने आने के बाद फैंस ‘एवेंजर्सः डूम्सडे’ और मार्वल की पिछली रिलीज फिल्म ‘द फैंटास्टिक 4ः फर्स्ट स्टेप्स’ में कनेक्शन निकालने लगे हैं। दरअसल, इस साल जुलाई में रिलीज हुई ‘द फैंटास्टिक 4ः फर्स्ट स्टेप्स’ में रीड रिचर्ड्स का किरदार निभाने वाले पेड्रो पास्कल कई बार ऐसे ही ब्लैकबोर्ड के सामने नजर आए थे। इसके अलावा ‘द फैंटास्टिक 4ः फर्स्ट स्टेप्स’ के अंत में रॉबर्ट डाउनी जूनियर रीड और सू के बच्चे को गोद में लिए दिखाई देते हैं। ऐसे में अब फैंस इन दोनों फिल्मों के आपस में कनेक्शन होने के कयास लगा रहे हैं। ‘एवेंजर्सः डूम्सडे’ की शूटिंग चल रही है और इसके बारे में और भी जानकारी सामने आ रही है।

### टॉलीवुड

## ‘मिराय’ में मांचू मनोज नहीं निभाना चाहते थे खलनायक की भूमिका, किया खुलासा



साउथ एक्टर तेजा सज्जा अभिनीत फिल्म ‘मिराय’ 12 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म में विलेन की भूमिका निभा रहे मांचू मनोज ने एक्स पर अपने फैंस से बात की और एक खुलासा किया। फिल्म में मांचू मनोज बतौर विलेन की भूमिका में दिखेंगे। अभिनेता ने एक्स पर अपने फैंस से बात की और खुलासा किया कि वो खलनायक का रोल नहीं करना चाहते थे। मांचू मनोज ने एक्स अकाउंट पर अपने फैंस से बात की। एक ट्वीट में उन्होंने कहा, ‘एक खलनायक की भूमिका निभाना वास्तव में मेरे दिमाग में कभी नहीं था, लेकिन जिस तरह से निर्देशक कार्तिक गरु ने इस भूमिका को सुनाया, उसने मेरा दृष्टिकोण पूरी तरह से बदल दिया।’ साथ ही उन्होंने कहा कि यह काफी शानदार है। आपको बताते चलें कि मांचू मनोज अन्य ट्वीट्स में दर्शकों को फिल्म में शानदार मनोरंजन मिलने का वादा करते नजर आ रहे हैं। अभिनेता मांचू मनोज मिराय फिल्म से धूम मचाने के लिए तैयार हैं। उन्हें हाल ही में 'भैरवम' फिल्म में देखा गया था। अब एक्टर 'मिराय' के साथ दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। इसमें अभिनेता ब्लैक स्वोर्ड नाम के रूप में निगेटव किरदार में नजर आएंगे। कार्तिक गट्टामनेनी द्वारा निर्देशित ‘मिराय’ को नॉर्थ में करण जौहर का धर्मा प्रोडक्शन प्रजेंट कर रहा है। फिल्म में तेजा सज्जा, रितिका नायक और मांचू मनोज के अलावा जगपति बाबू, श्रिया सरन, जयराम और अन्य कलाकार भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं। ‘हनुमान’ के बाद ‘मिराय’ तेजा सज्जा की अगली फिल्म है।

### भोजपुरी

## विवादों के बीच शो में पहुंचे पवन को-कंटेस्टेंट ने लगा दिया आरोप



हाल ही में ‘राइज एंड फॉल’ रियलिटी शो से जुड़ा एक प्रोमो सामने आया है, जिसमें 16 कंटेस्टेंट के बीच प्रतियोगिता हो रही है, जिसमें पवन सिंह भी शामिल हैं। अब अभिनेता और आकृति नेगी के बीच की बातचीत सामने आई है। इन दिनों एमएक्स प्लेयर पर रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' प्रसारित किया जा रहा है, जिसमें दर्शकों का भरपूर मनोरंजन हो रहा है। हाल ही में शो से जुड़ा एक प्रोमो रिलीज हुआ है, जिसमें भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह और आकृति नेगी के बीच वार्तालाप चल रही है। इसमें आकृति एक्टर पर कुछ आरोप लगाती दिख रही हैं। एमएक्स प्लेयर पर राइज एंड फॉल शो से जुड़ा एक प्रोमो जारी हुआ है। इसमें भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह आकृति नेगी से परिचय करते नजर आते हैं। एक्टर ने आकृति से उनका नाम पूछा, इसके जवाब में उन्होंने कहा कि क्या अभिनेता ऐसे ही स्लो हैं। आगे आकृति ने कहा, ‘कुछ तो बोलो, मैंने सुना है बिहार के लोग बहुत चटपते होते हैं?’ आगे दोनों कंटेस्टेंट के बीच सवाल-जवाब का दौर चलता रहता है। पवन सिंह ने पूछा, ‘यहां मुंबई में कबसे हो? कोई फिल्म किए हो?’ इसके जवाब में आकृति नेगी ने कहा, ‘नहीं, लेकिन मन है पर कोई मौका नहीं मिला।’ इसपर एक्टर ने कहा, ‘चलो हम दोनों करते है फिल्म।’ 'राइज एंड फॉल' में 16 कंटेस्टेंट शामिल हैं। इसमें अभिनेता अर्जुन बिजलानी, कुबेर सैत, अहाना कुमरा, धनश्री वर्मा, हास्य कलाकार कीकू शारदा, ट्रांस क्रिकेटर अनाया बांगर, व्लॉगर आरुष भोला और अरबाज पटेल और आकृति नेगी समेत भोजपुरी पावर स्टार पवन सिंह भी इसका हिस्सा हैं। ‘शार्क टैंक इंडिया’ के पूर्व जज अशनीर ग्रोवर इसे होस्ट कर रहे हैं।

## पेरीविंकल की छाया

मौजूदा कुछ सालों में पेरीविंकल यानि नीला-बैंगनी या हल्का नीला-बैंगनी रंग फिर से ट्रेंड में आ गया है। यह ट्रेंड हमें याद दिलाता है कि यह रंग वाकई कितना आकर्षक है। मॉडल स्टेला मेकार्टनी इस आकर्षक रंग की समर्थक हैं, और इसे एक नाटकीय पारदर्शी गाउन में ढालती हैं जो रेड कार्पेट पर बेदाग़ लगेगा। यहां पार्टी ड्रेस के लिए ब्रैंडन मैक्सवेल अपनी आकर्षक हॉल्टर नेक फ्रॉक के साथ सबसे बेहतरीन लग रही हैं।




## घर पर फुट स्पा करते हुए इन टिप्स को करें फॉलो



पूरा दिन काम करने के बाद जब हम थक जाते हैं तो खुद को रिलैक्स करने के लिए कई तरीके अपनाते हैं। इन्हीं में से एक है फुट स्पा। अक्सर छुट्टी के दिन खुद को पैम्पर करने के लिए या फिर अपनी थकान दूर करने के लिए हम घर पर ही फुट स्पा करते हैं। यह यकीनन खुद को आराम पहुंचाने का एक अच्छा तरीका है।

लेकिन जब आप घर पर फुट स्पा कर रहे हैं तो आपको कुछ छोटी-छोटी बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। घर पर फुट स्पा करते हुए आपको हेल्प करने वाला कोई नहीं होता है, इसलिए आपको सारी तैयारी खुद ही करनी होती है। कुछ ऐसे छोटे-छोटे टिप्स के बारे में आपको जानना चाहिए, जिन्हें आपको फुट स्पा करते हुए ध्यान में रखना चाहिए-

### अपने सामान को करें इकट्ठा

अगर आप घर पर फुट स्पा कर रही हैं तो ऐसे में आपको सबसे पहले सारा सामान इकट्ठा करना चाहिए। दरअसल, जब आप फुट स्पा करती हैं तो ऐसे में बीच में आपको सामान देने के लिए कोई नहीं होगा। इसलिए, आप फुट स्पा के दौरान काम में आने वाली चीजें जैसे टब, एप्सम सॉल्ट, गर्म पानी, तौलिए, फुट स्क्रब, मॉइश्चराइजिंग लोशन, नेल क्लिपर, फाइल आदि को एक जगह रखें। इससे आपके लिए फुट स्पा करना अधिक रिलैक्सिंग होगा।

### पैरों को करें प्रिपेयर


सुनने में आपको शायद अजीब लगे, लेकिन फुट स्पा करने से पहले अपने पैरों को प्रिपेयर करना भी उतना ही जरूरी होता है। इसके लिए आपको बस इतना करना है कि आप पहले अपने नेल्स को काटकर शेप दें। साथ ही, अगर नेल्स पर नेल पॉलिश लगी है तो उसे रिमूव कर दें और पैरों को अच्छी तरह धो लें। इस तरह जब आप पहले पैरों को प्रिपेयर करते हैं तो फुट स्पा के दौरान आपको अधिक आसानी होगी।

### पानी के टेंपरेचर का रखें ध्यान

फुट स्पा के दौरान आपको पानी के टेंपरेचर का खासतौर पर ध्यान रखना चाहिए। अगर पानी बहुत अधिक गर्म या ठंडा होता है तो इससे आपको स्पा का पूरा लाभ नहीं मिल पाता है। हमेशा ध्यान रखें कि आप टब में गुनगुना पानी डालें। साथ ही, इसमें एप्सम सॉल्ट डालें। इससे आपकी मसल्स रिलैक्स होती हैं। साथ ही, आप पैरों को लगभग 15-20 मिनट तक भिगोकर रखें।

## डीप नेक ब्लाउज में स्टनिंग दिखने के लिए अपनाएं इन जरूरी टिप्स को





जब हम साड़ी या लहंगा पहनते हैं तो उसमें स्टाइलिश दिखने के लिए ब्लाउज को कई अलग-अलग तरीकों से स्टाइल करवाते हैं। इनमें डीप नेक ब्लाउज यकीनन काफी स्टाइलिश लगते हैं। डीप नेक ब्लाउज आपको एक स्टेटमेंट लुक देते हैं। हालांकि, इन्हें सही तरह से स्टाइल करना बेहद जरूरी होता है, ताकि आप एलीगेंस के साथ इसे कैरी कर सकें। अगर डीप नेक ब्लाउज को सही तरह से स्टाइल ना किया जाए तो इससे आपका पूरा लुक बिगड़ सकता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे छोटे-छोटे टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आपको डीप नेक ब्लाउज को पहनते समय ध्यान में रखना चाहिए-

### ब्लाउज के साथ ब्रा पर दें ध्यान



जब आप डीप नेक ब्लाउज को स्टाइल कर रही हैं तो आपको उसके साथ-साथ ब्रा पर भी ध्यान देना चाहिए। अगर आपकी ब्रा सही नहीं होगी तो यह ब्लाउज में विजिबल होगी। ऐसे में आपका पूरा लुक ही बिगड़ जाएगा। कोशिश करें कि आप ऐसी ब्रा चुनें, जो आपके ब्लााउज की नेकलाइन को कॉम्पलीमेंट करती हो। आप चिपकने वाली या सिलिकॉन ब्रा पहन सकती हैं।

### स्टाइलिश हो एक्सेसरीज

जब आप डीप नेक ब्लाउज कैरी करती हैं तो उसके साथ सही एक्सेसरीज पहनकर आप एक स्टेटमेंट लुक कैरी कर सकती हैं। मसलन, डीप नेक ब्लाउज के साथ चंकी नेकलेस या चोकर स्टाइल किया जा सकता है।

### फिटिंग को करें चेक

डीप नेक ब्लाउज में आपका लुक तभी अच्छा लगता है, जब उसकी फिटिंग अच्छी हो। सही ढंग से सिलवाया गया ब्लाउज न केवल दिखने में अच्छा लगेगा, बल्कि इससे आपको सही कवरेज भी मिलेगा।

## बिना काटे दोमुंहे बालों से इस तरह पाएं छुटकारा



अगर आप दोमुंहे बालों की समस्या से परेशान हैं, तो इससे छुटकारा पाने के लिए घरेलु नुस्खे आजमा सकती हैं। स्प्लिट एंड्स यानि दोमुंह बाल तब होते हैं जब बाल बहुत रुखे हो जाते हैं, जिसकी वजह से छल्ली, जो बालों की सबसे ऊपरी सुरक्षात्मक परत होती है, बालों के सिरों से अलग हो जाती है और फिर सिरे दो भागों में बंट जाते हैं। बालों के सिरों को समय-समय पर ट्रिम करना दोमुंहे बालों को रोकने का एक आसान तरीका है। लेकिन आप कई घरेलू उपचार या फिर टिप्स की सहायता से इस समस्या से छुटकारा पा सकती हैं। दोमुंहे बालों को कम करने आप गर्म तेल की मदद ले सकती हैं। बस आप हफ्ते में दो बार शुद्ध नारियल तेल को गर्म करके अपने बालों में लगाएं। साथ ही, दोमुंहे बालों के सिरों पर भी लगाएं। फिर एक तौलिये को गर्म पानी में डुबोएं और पानी को निचोड़ें। फिर गर्म तौलिया को सिर पर पगड़ी की तरह लपेट दें। इसे 5 मिनट तक लगाकर ऐसे ही रहने दें। आप अपने सिर पर गर्म तौलिया को लपेटने की प्रक्रिया को कम से कम 3 से 4 बार दोहराएं। यह बालों और स्कैल्प के तेल को बेहतर तरीके से अवशोषित करने में मदद करता है, जिससे दोमुंहे बाल खुद ही ठीक हो जाते हैं।

## ग्रीन-टी के पानी से चेहरे को चमकाएं



ग्रीन-टी के पानी से चेहरे को साफ करने से भी आपको ढेरों फायदे मिलेंगे। खासतौर पर अगर आपकी त्वचा बहुत अधिक ऑयली है, तो ग्रीन-टी आपकी त्वचा से निकलने वाले एक्स्ट्रा ऑयल को कम करती है। मौसम गर्मी का हो या फिर सर्दियों का, अगर आपकी त्वचा सूर्य के संपर्क में आती हैं, तो टैनिंग होना लाजमी है। त्वचा को सूर्य की तेल किरणों से बचाना तो आसान नहीं है मगर त्वचा पर टैनिंग न हो इसके लिए हम ग्रीन-टी के पानी से चेहरे को साफ कर सकती हैं।

ग्रीन-टी में एक्सफोलिएटिंग पावर होती है, साथ ही यह त्वचा को सूर्य की यूवी किरणों से डैमेज होने से बचाती है। अगर आप भी रोज सुबह उठते ही ग्रीन-टी के पानी से चेहरे को वॉश करती हैं तो आपको टैनिंग की समस्या में राहत मिलेगी। ग्रीन-टी का पानी मुंहासे की संभावनाओं को भी कम करता है। दरअसल, ग्रीन-टी में त्वचा से निकलने वाले एक्स्ट्रा ऑयल को कंट्रोल करने की क्षमता होती है और इस वजह से होने वाली मुंहासे की संभावना भी कम हो जाती है। अगर आपके पहले से ही मुंहासों की समस्या है तो भी आप ग्रीन-टी का इस्तेमाल कर सकती हैं। आप इसमें नींबू के रस की 5 से 7 बूंदे मिक्स कर सकती हैं और इस मिश्रण से चेहरे को साफ कर सकती हैं।

**कार्नर न्यूज**

**सही तरीके से इस्तेमाल करने पर निखरेगा आपका रूप**

## नेचुरल लुक के लिए फाउंडेशन का इस्तेमाल बुरा नहीं, लगाते वक्त रखें इन बातों का ध्यान

बदलते समय के साथ-साथ मेकअप महिलाओं की जिंदगी का अहम हिस्सा बन गया है। ये सिर्फ खूबसूरत दिखने का सामान नहीं, बल्कि ये एक आर्ट है। देखने वाले तो खूबसूरत मेकअप देखकर बस तारीफ करके चले जाते हैं पर, असल में इसे करने में काफी मेहनत लगती है। खासकर जब कोई महिला मेकअप करने बैठती है तो उसके लिए सही तरह का फाउंडेशन का इस्तेमाल करना और सही से इस्तेमाल करना बेहद जरूरी होता है। दरअसल, अगर आपका फाउंडेशन सही नहीं लगा है तो आपका बाकी का पूरा मेकअप खराब हो सकता है। खासकर दिक्कत उन महिलाओं के सामने आती है जो हमेशा नेचुरल मेकअप पर भरोसा करती हैं। आपको फाउंडेशन का सही इस्तेमाल का तरीका जानना चाहिए। जिसके बाद आप महज कुछ बातों का ध्यान रखकर एकदम नेचुरल लुक पा सकती हैं। आपको यह भी जानना चाहिए कि फाउंडेशन के इस्तेमाल से पहले और बाद में आपको किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।



### सही फाउंडेशन का चुनाव

अगर आप फाउंडेशन का इस्तेमाल करने का सोच रही हैं, तो सबसे पहले सही फाउंडेशन का होना बेहद जरूरी है। अगर ये आपकी स्किन टोन और टाइप के हिसाब का नहीं होगा तो हो सकता है कि इसके इस्तेमाल से आपकी त्वचा एक शेड डार्क या फिर एकदम सफेद दिखने लगे।

### सही से करें ब्लेंड

अगर आप फाउंडेशन का इस्तेमाल सही तरीके से करेंगी तो आपका लुक एकदम नेचुरल आएगा। क्या आप जानती हैं कि फाउंडेशन को लगाने से पहले सही से ब्लेंड करना चाहिए। ये जितना अच्छे से ब्लेंड होगा, उतना ही इसका लुक निखर कर आएगा।

कंसीलर इस्तेमाल करते वक्त रखें ये ध्यान

अगर आपके चेहरे पर पिंपल्स या अन्य दाग-धब्बे हैं तो कंसीलर का इस्तेमाल स्वाभाविक है। ऐसे में इसका इस्तेमाल फाउंडेशन के बाद ही करें वरना कंसीलर की वजह से फाउंडेशन का शेड खराब हो सकता है। अगर आप लिक्विड फाउंडेशन का इस्तेमाल कर रहीं हैं तो आपको इसे स्किन पर फैलाने के लिए ब्रश की मदद लेनी चाहिए, पर ध्यान रखें कि फाउंडेशन को ब्लेंड हमेशा ब्यूटी ब्लेंडर के साथ ही करना चाहिए।

### सेटिंग स्प्रे करेगा मदद

फाउंडेशन लगाने के बाद अगर आप चाहती हैं कि आपका मेकअप देर तक टिका रहे तो सेटिंग स्प्रे का इस्तेमाल करें।

